दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 07 जनवरी-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 19 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की पहली गारंटी

'प्यारी दीदी योजना' के तहत दिल्ली की महिलाओं को मिलेंगे 2500 रुपये

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान किया है। पार्टी ने महिलाओं के लिए प्यारी दीदी योजना शुरू की है, जिसके तहत महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये दिए जाएंगे।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने प्यारी दीदी योजना का ऐलान करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस दिल्ली में सत्ता में आती है तो पार्टी हर महीने महिलाओं को 2500 रुपये की आर्थिक सहायता देगी। शिवकुमार ने आश्वासन देते हुए कहा कि पार्टी की पहली कैबिनेट मीटिंग में इस योजना को मंजूरी दी जाएगी। इसी तरह की योजना सफल रूप से कर्नाटक में भी चल रही है। पार्टी ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए बताया कि दिल्ली की महिलाओं के लिए बड़ी सौगात। जिस तरह कर्नाटक में वादा निभाया उसी तरह दिल्ली में भी वादा निभाएंगे। सरकार बनने पर दिल्ली की हर प्यारी दीदी के खाते में 2500 रुपये प्रतिमाह आएंगे।

शिवकुमार ने कहा कि कर्नाटक में महिलाओं को योजना का लाभ मिल रहा है। दिल्ली में सत्ता में आएगी तो पहली कैबिनेट में यह योजना लागू करेंगे। मैं यहां कर्नाटक मॉडल की तरह प्यारी दीदी योजना की घोषणा करने आया हूं। मध्य प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र में हमारी योजना को बीजेपी कॉपी कर रही है।

उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह के कार्यकाल में हमने शिक्षा, खाद्य सुरक्षा और रोजगार को लेकर गारंटी दी थी।

हमने पूरे दस्तावेज और संविधान के तहत दिया था। दिल्ली के लोगों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि हमने कई साल देश पर शासन किया। दिल्ली के लोगों से अपील करता हूं कि हमें एक और मौका दें ताकि देश और दिल्ली को बदल सकें।

शेष, पृष्ठ 2

छत्तीसगढ़ में सुरक्षाबलों की गाड़ी पर नक्सली हमला

आईईडी ब्लास्ट में 8 जवान शहीद

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर में सुरक्षाबलों के काफिले पर नक्सलियों ने बड़ा हमला किया है। इस हमले में 8 जवानों समेत एक नागरिक ड्राइवर शहीद हो गए हैं। एक वाहन में डीआरजी या डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड के जवान सवार थे, जिसे निशाना बनाते हुए नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया। बताया जा रहा है कि विस्फोटक लदे वाहन को सुरक्षाबलों के काफिले के पास विस्फोट किया गया, जिससे वाहन के परखच्चे उड़ गए। हमला इतना खौफनाक था कि विस्फोट वाली जगह एक बड़ा गड्ढा हो गया।

सुरक्षाबलों पर नक्सलियों का हमला ऐसे समय में हुआ है जब उनका एक एंटी-नक्सली ऑपरेशन चल रहा है। मसलन, बीजापुर में सुरक्षाबलों की टीम अपना ऑपरेशन पूरा करके वापस लौट रही थी, जब नक्सलियों ने उन्हें निशाना बनाया। जवानों की टीम कुटरू थाना के गांव अंबेली के पास पहुंची थी, वे कुटरू-बेद्रे रोड पर थे जब उनपर हमला किया गया। हमले में शहीद होने वालों में डीआरजी के 8 जवान, और एक नागरिक ड्राइवर शामिल हैं। बस्तर रेंज के पुलिस इंस्पेक्टर जनरल सुंदरराज पी ने बताया कि यह घटना कुटरू थाना के अंबेली गांव के पास उस समय हुई जब सुरक्षाकर्मी नक्सल विरोधी अभियान के बाद अपने स्कॉर्पियो वाहन से लौट रहे थे।

2027 के चुनाव में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी : रामगोपाल यादव

समाजवादी पार्टी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अनिल यादव के शास्त्रीनगर स्थित आवास पर सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व महासचिव एवं राज्यसभा सांसद प्रो. रामगोपाल यादव पहुंचे। इसके उपरांत सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व महासचिव एवं राज्यसभा सांसद प्रो. रामगोपाल यादव सपा के पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव के फार्म हाउस पर भी गए जहां उनके बेटे राहुल यादव ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पूर्व एमएलसी, पूर्व सभापति राकेश यादव, पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव, यश यादव, पिंटू यादव आदि ने प्रो. रामगोपाल का स्वागत किया।

महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने सोमवार को भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग और अल्पसंख्यकों के घरों और संस्थानों पर बिना अदालत की अनुमति के बुलडोजर चलाए जा रहे हैं। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी हमारे लोगों को झूठे मुकदमे लिखकर जेल भेज रहे हैं। इनकी सूची तैयार की जा रही है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर ऐसे अधिकारियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराकर उनको जेल भेजा जाएगा, क्योंकि ऐसे अधिकारी सरकार के इशारे पर मनमाने तरीके से लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं। पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी बेगुनाहों को गोली मार रहे हैं। प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने दलितों और पिछड़ों का आरक्षण छीनने का काम किया है। जब से देश में भाजपा सरकार आई है, किसी दलित को सरकारी नौकरी नहीं मिली है। बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के बने कानून के विपरीत भाजपा सरकार चल रही है।

आगामी चुनाव में भाजपा का हो जाएगा सफाया: राकेश यादव

करंट क्राइम। पूर्व मंत्री राकेश यादव ने कहा कि आगामी 2027 चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा। प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से परेशान आ चुकी है। बेगुनाह लोगों को डरा-धमका कर जेल भेजा रहा है। जिससे युवाओं में भय व्याप्त है। उन्होंने कहा कि युवा आज सरकारी नौकरी के लिए धक्के खाने का मजबूर हो रहे हैं।

सपा की सरकार बनने पर गरीब, अल्पसंख्यकों को मिलेगा न्याय : जितेंद्र यादव

करंट क्राइम। पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव ने कहा कि प्रदेश में सपा की सरकार बनने पर गरीबों को न्याय मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सपा के पक्ष में हवा चल रही है और प्रदेश की जनता योगी सरकार से ऊब चुकी है और आगामी चुनाव में सपा की सरकार बनने के लिए सहयोग करेगी।

सड़क सुरक्षा को लेकर जल्द शुरू होने वाला है बड़ा अभियान लाइटों से लेकर रिफ्लेक्टर लगाने का शुरू होगा काम

- सड़क हादसे में कमी लाने का होगा प्रयास

गाजियाबाद, करंट क्राइम। सड़क हादसों में कमी लाने के लिए शासन स्तर से परिवहन विभाग और यातायात पुलिस को निर्देशित किया गया है कि वह सभी कमिश्नरेट और जिलों में सड़क सुरक्षा को लेकर अभियान चलाएंगे। इस अभियान के तहत लोगों में जागरूकता लाने के साथ ही नियम का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी होगी। इसके साथ ही ब्लैक स्पॉट पर लाइट लगाई जाएं और ऐसे स्थान जहां सड़क हादसे होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है, वहां रिफ्लेक्टर और अन्य दिशा सूचक लगाई जाए ताकि कोहरे और सर्दी के मौसम में होने वाले हादसों को रोका जाए। इस अभियान का मकसद लोगों की लाइफ लाइन को सेव करने के साथ ही यातायात नियमों का पालन कराना है।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार देहात के इलाकों में रिफ्लेक्टर लगाने वाला अभियान शुरू हो गया है। जिसमें ट्रैक्टर, ट्रक, आटो व ई-रिक्शा और डिवाइडर व यू-टर्न के साथ ही प्रमुख स्थानों पर रिफ्लेक्टर लगाए जाने हैं। रिफ्लेक्टर लगाए जाने का फायदा यह होगा कि लोगों के वाहनों की जब लाइट पड़ेगी तो उनको सही स्थिति नजर आएगी।

इसका भी दें ध्यान

- हेडलाइट को लो बीम पर रखें।
- मुख्य सड़कों पर गाड़ी ना रोंके।
- वाहनों पर फॉग लैंप का इस्तेमाल करें। - घने कोहरे में सड़क किनारे पटरी के साथ चलें।
- रिफ्लेक्टर टेप का इस्तेमाल करें।

यू-टर्न और अवैध कटों पर भी रहेगी नजर

करंट क्राइम : यातायात पुलिस और परिवहन विभाग इस अभियान के तहत अवैध रूप से बने अवैध कटों को बंद करने के लिए नगर निगम, जीडीए और अन्य विभागों को पत्र लिखा जा रहा है। इसके साथ ही पुलिस विभाग भी इसमें सक्रियता के साथ शामिल रहेगा। वहीं ऐसे यू-टर्न जहां हादसा होने का डर रहता है, वहां पर भी लाइटें व रिफ्लेक्टर लगाए जाएंगे। साथ ही दिशा सूचक भी लगाने का अभियान रहेगा। बता दें कि सोमवार को अर्थला यू-टर्न पर एक बड़ा ट्रॉला हादसे का शिकार हुआ था, जिसकी वजह से घंटो जाम और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

रॉन्ग साइड और ओवर स्पीड वाहनों के कटेंगे चालान

करंट क्राइप : यातायात पुलिस द्वारा आने वाले दिनों में रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों को लेकर विशेष अभियान और जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के लिए स्कूली छात्र-छात्राओं से नुक्कड़ नाटक व अन्य कार्यक्रम आयोजित करवाएं जाएंगे। तो वही रांग साइड वाहन चलाने वालों के खिलाफ यातायात पुलिस, सिविल पुलिस के साथ मिलकर चालान वाली कार्रवाई करेगी। वहीं मुख्य मार्गों पर ओवर स्पीड की लिमिट को लेकर भी यातायात पुलिस अभियान चलाएगी।

जब भगवा विधायक ने जनरली कसा किसी पर कोई तंज

तब आ गया ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि को गुस्सा और निकला शब्दों के जरिए रंज

सूत्र बताते हैं कि एक विधायक ने जनरली किसी बात को लेकर तंज कसा। बात उनके बारे में थी जो दूरे जा चुके हैं, लेकिन विधायक जी के शब्दों को लेकर बाकी सब तो शांत रहे, लेकिन वहां मौजूद ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि खुद पर काबू नहीं कर पाई। उन्हें विधायक जी के शब्द ठीक नहीं लगे।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सीन मुलाकात का है, समय एएम वाला है लेकिन मुलाकात में पीएम है। पीएम के इंतजार में एमपी है, एमएलए है और जनप्रतिनिधि हैं। मौका ही ऐसा है कि सरकार वाले इंतजार कर रहे हैं और एक बार फिर से इस मौके पर चाय वाला धोखा हो गया। दरअसल चाय फिर से प्रोटोकॉल में उलझ गई और करंट के बिना चाय मिल नहीं पाई। इसी बीच भगवा गुरुजी को भी प्रोटोकॉल बताने का मौका मिला और जहां सियासत वाले बैठे हो तो फिर वहां बातें भी होनी ही थीं और यहां पर सूत्र बताते हैं कि एक विधायक ने जनरली किसी बात को लेकर तंज कसा। बात उनके बारे में थी जो दूरे जा चुके हैं, लेकिन विधायक जी के शब्दों को लेकर बाकी सब तो शांत रहे, लेकिन वहां मौजूद ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि खुद पर काबू नहीं कर पाई। उन्हें विधायक जी के शब्द ठीक नहीं लगे। सूत्र बताते हैं कि यहां पर दो ताकतवर लेडी जनप्रतिनिधि एक साथ बैठी थी। इनमें से ताकतवर लेडी को ये लहजा नागवार गुजरा और फिर उन्होंने अपने शब्दों के जरिये अपना रंज व्यक्त किया। उन्होंने विधायक जी को अपने शब्दों को करेक्ट करने का सुझाव दिया। विधायक जी का जो तंज उसका जवाब इधर से रंज में आ रहा था। मर्यादित रहने की नसीहत दी जा रही थी और कहा यही जा रहा था कि संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति को इतनी हल्की बात नहीं करनी चाहिए। अब विधायक जी का तंज क्या था ये बात वहीं पर खत्म हो गई और वहीं पर बैठे लोग बता सकते हैं कि शब्दों का स्तर क्या था और भगवा गढ़ वाले तो वैसे भी अगर कुरेदने पर आए तो बात को कुरेद ही लेंगे। वो ये भी पता लगा लेंगे कि कौन से विधायक जी हैं और उन्होंने क्या कहा है।

8 जनवरी से शुरू हो जाएगा भाजपा महानगर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन

भाजपा कार्यालय पर रहेगी रौनक और लगेगा अध्यक्ष दावेदारों का मेला

भाजपा में महानगर अध्यक्ष पद का काउंट डाउन शुरू

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद अब भाजपा में महानगर अध्यक्ष पद का काउंट डाउन शुरू होने जा रहा है। भाजपा के महानगर अध्यक्ष पद के दावेदार नामांकन कर सकते हैं। नामांकन की ये प्रक्रिया 8 जनवरी से शुरू होगी। तीन दिन तक आवेदक अपना नामांकन कर सकते हैं। इसके लिये 8 जनवरी, 9 जनवरी और 10 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई है। भाजपा में वैसे भी महानगर अध्यक्ष पद के दावेदारों की एक बड़ी लाइन है। वहीं पार्टी संगठन भी अपनी गाइडलाइन पर काम कर रहा है। सभी दावेदारों से पहले की तरह उनके आवेदन पत्र लेने के लिये संगठन द्वारा नियुक्त किये गये चुनाव अधिकारी मौजूद रहेंगे। ये चुनाव अधिकारी अध्यक्ष पद के दावेदारों का आवेदन पत्र लेंगे। महानगर अध्यक्ष के लिये इन्हीं तीन दिनों में ये तय हो जाएगा कि कौन-कौन से चेहरे महानगर अध्यक्ष पद वाली दावेदारी में हैं। कितने चेहरे अध्यक्ष बनने वाली लाइन में हैं।

51 प्रतिशत मंडल होंगे घोषित और इन मंडलों पर रह सकता है होल्ड का साया

दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही प्रकाशित किया था कि 51 प्रतिशत मंडल घोषित होंगे और कुछ मंडल होल्ड वाले सीन में आ रहे हैं। ये भी बताया था कि नदिया पार के कई मंडलों में होल्ड वाला सीन बन रहा है। लिहाजा ये माना जा रहा है कि 51 प्रतिशत मंडल घोषित होंगे और नदिया पार से लेकर शहर और मुरादनगर में कुछ मंडलों पर होल्ड वाला सीन रहेगा। सूत्र बताते हैं कि भोपुरा मंडल, लाजपतनगर मंडल, शालीमार गार्डन मंडल, खोड़ा मंडल, इंदिरापुरम मंडल और वसुंधरा मंडल होल्ड हो सकते हैं। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के ये छह मंडल होल्ड वाले दायरे में आ रहे हैं। इसके अलावा शहर विधानसभा क्षेत्र में दो मंडलों पर होल्ड की स्थिति होती बन रही है। शहर विधानसभा में दो मंडल होल्ड किये जा सकते हैं। इसके अलावा मुरादनगर विधानसभा क्षेत्र में मुरादनगर देहात का एक मंडल होल्ड वाली स्थिति में आता दिखाई दे रहा है।

महानगर अध्यक्ष के नामांकन से पहले आ जाएगी मंडल अध्यक्षों की लिस्ट

करंट क्राइम। भाजपा में महानगर अध्यक्ष के नामांकन से पहले ही मंडल अध्यक्षों वाली लिस्ट आ जाएगी। इसकी वजह भी ये है कि भाजपा में संगठन चुनाव की लोकतांत्रिक प्रक्रिया है और मंडल अध्यक्षों की सहमति महानगर अध्यक्ष की ताजपोशी में जरूरी है। लिहाजा ऐसे में ये तय है कि नामांकन से पहले ही मंडल अध्यक्षों वाली लिस्ट आ जाएगी। क्योंकि चुनाव से पहले मंडल अध्यक्षों की सूची का फाइनल होना जरूरी है।

गुरु तेग बहादुर ने अपना शीश देकर देश का मान रखा : योगी

जातिभेद व छुआछूत समाप्त करने के लिए की खालसा पंथ की स्थापना, भावी पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराना सबका दायित्व

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज शहीद पिता के पुत्र हैं और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने देश व धर्म के लिए शहादत दी। गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज उस समय गुरु तेग बहादुर महराज को प्रेरित कर रहे थे कि देश व धर्म पर संकट है, यदि किसी महान आत्मा का बलिदान होगा तो जो विधर्मी हमारे देश व धर्म को नष्ट करते हुए उतावले दिखाई दे रहे हैं, वे बेनकाब होंगे और देश इसके खिलाफ खड़ा होगा। महान बलिदान के लिए आपसे उपयुक्त कौन हो सकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को डीएवी कॉलेज में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व में शामिल हुए। सीएम योगी ने समागम में आए बच्चों का कुशलक्षेम जाना और टॉफी-चॉकलेट वितरित किया। उन्होंने कहा कि 26-27 दिसंबर को पूरे देश ने गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह, बाबा जुझार सिंह, बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह) के साथ जुड़ते हुए उनकी स्मृतियों को नमन किया और मां गुजरी के प्रति श्रद्धा व्यक्त की।

सीएम ने कहा कि गुरु तेग बहादुर सिंह ने अपना शीश दिया, लेकिन भारत का शीश बचा दिया। कश्मीर को बचाया, जो आज भी भारत का हिस्सा है। वजीर खान गुरु गोबिंद सिंह के छोटे साहिबजादों (जोरावर सिंह-फतेह सिंह) से कहता है कि इस्लाम स्वीकार कर लो, लेकिन इन लोगों ने कहा कि यह नहीं हो सकता। इस पर उन्हें जीवित ही दीवारों में चुनवा दिया गया। चमकौर युद्ध में बड़े साहिबजादों (बाबा अजीत सिंह व जुझार सिंह) ने शहादत को प्राप्त किया। इस दुख में मां गुजरी देवी का प्राणोत्सर्ग हुआ।

गुरु गोबिंद सिंह महाराज शहीद पिता के पुत्र हैं और शहीद पुत्रों के पिता भी हैं। गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने देश व धर्म के लिए शहादत दी।

चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार... :

सीएम ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों से आगे बढ़ते हुए सब कुछ खोने के बाद भी गुरु गोबिंद सिंह ने एक ही बात कही कि चार मुए तो क्या हुआ, जीवित कई हजार... यह मंत्र आज भी पूरे भारत के लिए नई प्रेरणा है। 'सवा लाख से एक लड़ाऊं, तब गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं...' गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा का यह भाव नई ऊर्जा का संचार और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

यह वर्ष हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण

सीएम ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी महाराज के 350वें शहीदी वर्ष होने के कारण यह वर्ष हमारे लिए महत्वपूर्ण है। जैसे गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व को बड़े उत्साह से आयोजित किया गया था, इन आयोजनों को भी इसी तरह बड़े पैमाने पर करने की आवश्यकता है। यदि इन्हें उसी रूप में बढ़ाएंगे तो भावी पीढ़ी पर उपकार होगा और लोगों को इतिहास के बारे में जानकारी मिलेगी। खालसा पंथ, सिख गुरुओं के त्याग- बलिदान के बारे में प्रेरणा प्राप्त होगी। सीएम ने आह्वान किया कि सिख गुरुओं का बलिदान, उनकी प्रेरणा देश व समाज के लिए उपयोगी बनाने में हम सब अपना योगदान दे पाएंगे।

सिख गुरुओं का गौरवशाली इतिहास प्रदान कर रहा प्रेरणा

सीएम ने कहा कि सिख गुरुओं गुरु नानक देव, गुरु अर्जुन देव, गुरु तेगबहादुर, गुरु गोबिंद सिंह महाराज तक ने जो परंपरा डाली, उनका गौरवशाली इतिहास प्रेरणा प्रदान कर रहा है। सीएम ने सभी से कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज के विचित्र नाटक का अध्ययन कीजिए, पता चलेगा कि वे दिव्य महापुरुष थे, जो पूर्व जन्म और उन स्थितियों के बारे में भी अवगत करा रहे हैं, जिन्हें देखकर रोंगटे खड़े होते हैं।

सीएम ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महाराज ने जातिभेद, छूआछूत की भावना को सर्वथा समाप्त करने और देश-धर्म को बचाने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने 'सकल जगत में, खालसा पंथ गाजे' का उद्घोष कर देश व धर्म के मार्ग में बाधक उस समय की विधर्मी ताकतों को रास्ते से हटने के लिए कहा।

सीएम ने कहा कि आज का प्रकाश पर्व उसी प्रेरणा का दिवस है, जहां सिख गुरुओं के त्याग, बलिदान व कृतित्व से नई प्रेरणा प्राप्त होती है। लखनऊ का सौभाग्य है कि गुरु तेग बहादुर सिंह महाराज गुरु गोबिंद सिंह को बाल्यकाल में लाकर यहियागंज गुरुद्वारे में रुके थे। इतनी ऐतिहासिक परंपरा का संरक्षण करना, उसे बढ़ाकर भावी पीढ़ी को इतिहास से अवगत कराना हमारा दायित्व बनता है।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ,अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य परविंदर सिंह, डॉ. गुरमीत सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह, राजेंद्र सिंह बग्गा, डॉ. हरजोत सिंह, सतनाम सिंह सोढ़ी, सरदार दलजीत सिंह, पार्षद राजू गांधी, सरदार त्रिलोचन सिंह आदि मौजूद रहे।

यूपी का मौसम: गलन-कोहरे के बीच होगी बारिश की भी एंट्री

लखनऊ। प्रदेश में पूरब से पश्चिम तक ठंड का कहर बरकरार है। गलन भरी पछुआ और कोहरा इस हाड़ कंपाती ठंड में और इजाफा कर रहा है तो वहीं ठंड भरे मौसम में अब बारिश की भी एंट्री होने जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक सोमवार को प्रदेश के पश्चिमोत्तर हिस्सों सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल, अलीगढ़, गौतमबुद्ध नगर, गाजियाबाद, मेरठ में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है।

सोमवार को यूपी के पश्चिमी हिस्से बागपत और दिल्ली से लगे इलाकों में हल्की बारिश देखने को मिली। राजधानी दिल्ली में तो बारिश के साथ ओले भी गिरे मंगलवार की सुबह से प्रदेश के ज्यादातर इलाकों के तापमान में फिर से गिरावट आने और कोहरे में

बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

घने कोहरे की वजह से कई शहरों में दृश्यता हुई शून्य

सोमवार को प्रदेश के ज्यादातर इलाकों में घना कोहरा छाया रहा और कई इलाकों में दक्षिता शून्य तक जा पहुंची राजधानी लखनऊ समेत बाराबंकी कानपुर अयोध्या अमेठी और आजमगढ़ में दक्षता शून्य तक सिमट गई और वाहनों की आवाजाही में परेशानियों का सामना करना पड़ा। कोहरे की चादर की वजह से बलिया बहराइच चुर्क सोनभद्र और उरई में दृश्यता 50 मीटर से भी कम पर सिमट गई।

जारी रहेगा घने कोहरे का दौर

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि पश्चिमी विकशॉप के असर से मौसम में बदलाव के बीच प्रदेश के पश्चिम उत्तर हिस्से में सोमवार को बुढ़ापड़ी के आसार हैं इसके बाद तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। यूपी में मध्यम से घने कोहरे का दौर अगले तीन-चार दिनों तक जारी रहेगा।

अपनी बच्ची को बचाने के लिए मां भिड़ गई तेंदुए से, बच्ची हुई जख्मी

बहराइच। बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सुजौली वन रेंज के रमपुरवा बनकटी गांव निवासिनी सुंदरी (8) सोमवार की सुबह नित्यक्रिया के लिए उठी थीं। सुंदरी घर के बाहर ही पहुंची थी कि पहले से मौजूद तेंदुए ने हमला कर दिया। हमले में गंभीर रूप से जख्मी बालिका को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती करवाया गया है।

बालिका के पिता कृष्णानंद ने बताया कि बेटी को तेंदुए के जबड़े में देख मां शोर मचाते हुए तेंदुए से भिड़ गई। मां के संघर्ष और हांका लगाने से बेटी की जान बची। उन्होंने बताया कि सुंदरी के गले पर गंभीर घाव आए हैं।

बेटी को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुजौली ले गए थे जहां चिकित्सकों के न होने पर एंबुलेंस कर्मियों ने प्राथमिक उपचार किया और फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीपुर ले जाया गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हमले की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई थी लेकिन मौके पर कोई वन कर्मी नहीं पहुंचा। पूर्व में भी तेंदुआ बच्चों और मवेशियों पर हमला कर चुका है।

मिल्कीपुर चुनाव : कवरेज के लिए अंतरराष्ट्रीय मीडिया को बुलाएगी सपा

लखनऊ। अयोध्या की मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए सपा ने खास रणनीति तैयार की है। सपा सूत्रों के मुताबिक, बूथ स्तर पर संपर्क के लिए टीमें लगा दी गई हैं। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय मीडिया का भी आह्वान किया जाएगा कि उसके लोग यहां चुनाव की कवरेज के लिए आएं।

बीते दिनों हुए उपचुनाव में सपा ने सत्ताधारी दल पर चुनाव में पुलिस और प्रशासन के दुरुपयोग का आरोप लगाया था। सपा सूत्रों का कहना है कि इस बार सपा की कोशिश रहेगी की देश-दुनिया के प्रमुख मीडिया हाउस यहां चुनाव कवरेज के लिए आएं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी कह चुके हैं कि दुनिया को पता लगना चाहिए कि यहां चुनाव में क्या होता है।

विपक्षी दलों को बदनाम करने के लिए पैसे खर्च करती है भाजपा -

अखिलेश : सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है। दूसरे दलों और नेताओं को बदनाम करती है। इसके लिए मोटा बजट भी खर्च करती है। उसकी प्रवृत्ति तानाशाही भरी है, लेकिन इतिहास गवाह है हर तानाशाह को अपमानित होकर ही जाना पड़ता है।

अखिलेश प्रदेश सपा मुख्यालय पर विभिन्न जिलों से आए कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान विरोधी काम करती है। चुनावों में पुलिस-प्रशासन को अपने पक्ष में अनुचित इस्तेमाल करती है। उन्होंने कहा कि सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता है। पार्टी के कार्यकर्ता और नेता ईमानदारी से कार्य करें। इंडिया गठबंधन को मजबूत करना है। पीडीए की रणनीति से इंडिया गठबंधन को ताकत मिलेगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा जातीय जनगणना नहीं होने देना चाहती है। समाजवादी पार्टी संविधान, लोकतंत्र बचाने और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रही है। सपा नए विजन और लोगों की बेहतरी के लिए कार्य कर रही है। समाजवादी सरकार ने अपने कार्यकाल में उत्तर प्रदेश में बिजली उत्पादन दोगुना किया।

दिल्ली में इस हफ्ते हो सकता है चुनाव की तारीख का एलान

नई दिल्ली। दिल्ली में फाइनल वोटर लिस्ट जारी, एक करोड़ 55 लाख से ज्यादा मतदाता करेंगे मतदानदिल्ली में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। जिसको लेकर चुनाव आयोग ने सोमवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी है। इस बार एक करोड़ 55 लाख से ज्यादा मतदाता अपने मत का इस्तेमाल करेंगे।

चुनाव आयोग के मुताबिक, दिल्ली विधानसभा चुनाव की अंतिम मतदाता सूची में कुल 1,55,24,858 मतदाता है। जिसमें 83 लाख पुरुष और 71 लाख महिला मतदाता शामिल हैं। फाइनल वोटर सूची जारी होने के बाद अब जल्द ही चुनाव की तारीखों का एलान हो सकता है। चुनाव आयोग की ओर से कई बैठकों का दौर चल रहा है। बताया जा रहा है कि चुनाव की तारीख की घोषणा 6 से 10 जनवरी के बीच हो सकती है। हालांकि, अभी तारीखों पर दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की तरफ से कोई जानकारी नहीं दी गई है।

कांग्रेस ने किया 'प्यारी दीदी योजना' का एलान

महिलाओं को हर महीने 2500 रुपये देने का वादा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के बाद अब कांग्रेस ने दिल्ली की महिलाओं के लिए 2500 रुपये हर माह देने का वादा किया है। 'आप' की 'महिला सम्मान' योजना के सामने कांग्रेस ने 'प्यारी दीदी' योजना की घोषणा की है। कांग्रेस की इस योजना के तहत दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने पर महिलाओं को हर माह 2500 रुपये दिए जाएंगे।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी ने सबसे पहले महिलाओं के लिए महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपये देने का एलान किया था। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और 'आप' संयोजक अरविंद केजरीवाल के एलान के बाद कांग्रेस ने भी महिला वोटरों को लुभाने के लिए दांव खेला है। कांग्रेस ने 'प्यारी दीदी योजना' के तहत दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये हर माह देने का वादा किया है।

सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने जानकारी दी। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि आज मैं यहां 'प्यारी दीदी' योजना का शुभारंभ करने आया हूं। मुझे पूरा विश्वास है कि कांग्रेस दिल्ली में सरकार बनाएगी और हम महिलाओं को 2,500 रुपये देंगे और इसका फैसला कैबिनेट की पहली बैठक में ही किया जाएगा। यह उसी मॉडल पर है जो हमने कर्नाटक में लागू किया था।

दिल्ली में चुनावी घोषणा करते हुए कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री और कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार ने कहा कि जैसे कर्नाटक में सरकार बनते ही महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने की योजना शुरू हुई, वैसे ही दिल्ली में भी सरकार बनने के बाद कैबिनेट की पहली बैठक में ही इस योजना को हरी झंडी दे दी जाएगी।

कांग्रेस की 'प्यारी दीदी' योजना पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि उनके (आप) वादे लागू नहीं किए जा सकते। हमने अपनी योजना (कर्नाटक में) पहले ही लागू कर दी है। हम दिल्ली के लोगों से अनुरोध करते हैं कि वे हम पर भरोसा करें, हम जो भी वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं...।

कांग्रेस की 'प्यारी दीदी' योजना पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मेरा मानना है कि दिल्ली में जिस तरह के हालात हैं, उसमें हर महिला को 2500 रुपये दिए जाने की जरूरत थी।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ : सीएम योगी 11 जनवरी को करेंगे अभिषेक, देश भर के 170 संत-धर्माचार्य होंगे शामिल

अयोध्या। रामलला के विग्रह की प्राणप्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर होने पर वार्षिक समारोह प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाया जाएगा। 11 से 13 जनवरी तक विभिन्न आयोजनों के माध्यम से रामलला के प्रति श्रद्धा अर्पित की जाएगी। सीएम योगी आदित्यनाथ 11 जनवरी को 11 बजे रामलला का अभिषेक करेंगे। इस दिन वे सात घंटे अयोध्या में रहेंगे। समारोह में देशभर के 170 संत-धमार्चार्य मेहमान के रूप में शामिल होंगे। अयोध्या के 37 जातीय मंदिरों के संत-महंत भी आमंत्रित किए गए हैं।

अंगद टीला परिसर में रविवार को पत्रकारों से बातचीत में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने प्रतिष्ठा द्वादशी के त्रिदिवसीय आयोजन की जानकारी दी। चंपत राय ने बताया कि उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश से संत-धमार्चार्यों को आमंत्रित किया गया है। तीन दिनों तक होने वाले

कार्यक्रमों में उषा मंगेशकर, कुमार विश्वास, मालिनी अवस्थी अनुराधा पौड़वाल, कविता पौड़वाल, स्वाति मिश्रा, कथक नृत्यांगना शोभना नारायण प्रस्तुति देंगे। कथा व्यास रमेश भाई ओझा भी मौजूद रहेंगे।

प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर शुरू हुई रामकथा

क्षेत्र के घटौली गांव स्थित कोटहिन भवानी के स्थान पर आयोजित श्रीरामकथा के जनजागरण के लिए रविवार को गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर विधायक रामचंद्र यादव के संयोजन में यह यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा की अगुवाई कथा प्रवाचक कमलेश मिश्र ने की। कथा पंडाल से निकली कलश यात्रा तीन किलोमीटर की यात्रा तय कर आस्तीक आश्रम जन्मेजय कुंड सिड़सिड़ पहुंची। जहां पर कलश में जल भर गया। इसके बाद कलश यात्रा वापस कथा पंडाल पहुंची। कथा का आयोजन पांच जनवरी से 11 जनवरी तक हो रहा है। इस अवसर पर आदर्श चंद्र यादव, रामशरण वर्मा, परमानंद यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि पवन सिंह, भवानी फेर मिश्र, वंशीधर द्विवेदी, काशी नाथ मिश्रा, बृजेश पाठक, बरसाती राही, राकेश यादव आदि मौजूद रहे।

शादी का झांसा देकर 5 साल तक दुष्कर्म करने का आरोप

फरीदाबाद। मुजेसर एरिया में रहने वाली 23 साल की युवती ने शादी का झांसा देकर प्रेमी पर 5 साल तक शारीरिक संबंध बनाने का आरोप लगाया है। शादी से इंकार करने पर युवती ने पुलिस को शिकायत दी है। मुजेसर थाना पुलिस ने आरोपी रितेश यादव के खिलाफ पॉक्सो एक्ट व शादी का झांसा देकर दुष्कर्म की धारा में एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस को शिकायत देने वाली युवती संजय कॉलोनी एरिया में कई साल से किराये पर रहती है। 23 साल की युवती का कहना है कि साल 2019 में उसकी मुलाकात संजय कॉलोनी में ही रहने वाले रितेश यादव से हुई थी। दोनों में दोस्ती हुई जो जल्द ही प्यार में बदली गई और रितेश ने शादी का वादा किया।

आरोप है कि शादी के झांसे में लेकर ही रितेश ने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। युवती का आरोप है कि युवक अब उससे शादी करने से मना कर रहा है।

'80 साल के पिता को गाली देने पर उतर आएंगे' बिधूड़ी के बयान पर सीएम आतिशी हुईं भावुक

मेरे पिताजी जिंदगी भर शिक्षक रहे, उन्होंने दिल्ली के हजारों मध्यम वर्ग, निम्न मध्यम वर्ग बच्चों को पढ़ाया है। आज वे 80 साल के हो गए हैं। चुनाव के लिए वे (रमेश बिधूड़ी) ऐसी घटिया हरकत करेंगे कि एक बुजुर्ग व्यक्ति को गालियां देने पर उतर आएंगे।

दिल्ली। दिल्ली में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। इसी बीच राजधानी में सियासत गरमाई हुई है। भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री आतिशी भावुक हो गईं। पीसी में उन्होंने कहा कि मेरे पिता एक शिक्षक रहे हैं। अब आप

एक 80 साल के बुजुर्ग को गाली देने पर उतर आएंगे।

मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को नई दिल्ली विधानसभा सीट पर चुनाव में बड़े घोटाले का आरोप लगाया। घोटाले के आरोपों के बीच भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। इसी दौरान आतिशी भावुक हो गईं।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी के उनके बारे में दिए गए कथित आपत्तिजनक बयान पर कहा कि मेरे पिताजी जिंदगी भर शिक्षक रहे, उन्होंने दिल्ली के हजारों मध्यम वर्ग, निम्न मध्यम वर्ग बच्चों को पढ़ाया है। आज वे 80 साल के हो गए हैं। चुनाव के लिए वे (रमेश बिधूड़ी) ऐसी घटिया हरकत करेंगे कि एक बुजुर्ग व्यक्ति को गालियां देने पर उतर आएंगे। इस देश की राजनीति इतने निचले स्तर तक गिर सकती है यह मैं कभी नहीं सोच सकती थी।

सीएम कहा कि वोटर लिस्ट में घोटाला हो रहा है। नई दिल्ली विधानसभा सीट पर बड़ा खेल हो रहा है। गलत तरीके से वोट काटने की साजिश हो रही है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आतिशी के साथ आप सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा भी मौजूद रहे।

सीएम आतिशी ने कहा कि जब हमने समीक्षा की तो पता चला कि एक बड़ा घोटाला हो रहा है। जब चुनाव आयोग की ओर से बीएलओ घर-घर जा रहे थे। तो उन्होंने वोटर्स को शिफ्ट क्यू नहीं किया।

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
03 • नई दिल्ली। मंगलवार 07 जनवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

क्या गड्ढों में जा रहा है गड्ढा मुक्त अभियान टूटी हुई सड़कें बोल रही हैं खुद ही कहानी

कहीं टूटी सड़कों पर भर रहा है बरसाती पानी, तो कहीं रुक रही है रफ्तार

गाजियाबाद, करंट क्राइम उत्तर प्रदेश सरकार जहां गड्ढा मुक्त अभियान चला रही है। तो वहीं गाजियाबाद में बीते दिनों हुई बारिश के बाद अभी भी टूटी सड़कों पर जगह-जगह जलभराव हो रहा है। टूटी सड़कों पर जलभराव होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है, तो वहीं सड़क हादसे होने का भी डर बना रहता है। बारिश को कई दिन बीत चुके हैं, इसके बावजूद भी एनडीआरएफ मुख्य मार्ग, कवि नगर, बुलंदशहर इंडस्ट्रियल एरिया से लेकर गोविंदपुरम, शास्त्री नगर और नासिरपुर फाटक की टूटी सड़क जलमग्न हैं। सड़कों पर पानी भरा होने की वजह से लोगों को आने-जाने में परेशानी आती है। तो वहीं टूटी हुई सड़कें लोगों की रफ्तार भी रोक रही है। एक तरफ सरकार और नगर निगम गड्ढा मुक्त अभियान सफल होने का दावा करते हैं। तो दूसरी तरफ तस्वीर बता रही है की हकीकत कुछ और ही है।

शहर के अन्य इलाकों में भी टूटी पड़ी हैं सड़कें

करंट क्राइम : बीते दिनों बारिश हुई तो टूटी सड़कों की कमियां फिर उजागर हो गई। गोविंदपुरम से लेकर कवि नगर और शास्त्री नगर से लेकर नासिरपुर फाटक की वह सड़कें जो कुछ माह पूर्व ही बनी थी लेकिन वह दोबारा से टूटनी शुरू हो गई हैं। टूटी सड़क की वजह से लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है, तो वही आवागमन भी बाधित हो रहा है। उधर नगर निगम का कहना है कि जहां सड़कें टूटी हैं वहां जल्द ही पैच वर्क कराया जाएगा।

एनडीआरएफ रोड पर महीनों से है बुरा हाल

करंट क्राइम : एनडीआरएफ मुख्य मार्ग रोड बीते लंबे समय से टूटी हुई है। जगह-जगह जलभराव है और यहां नाले और सीवर ओवरफ्लो होने की वजह से सड़क बनती है और टूट जाती है। स्थानीय लोग बताते हैं कि पिछले साल ही कई बार सड़क बनी लेकिन जलभराव और सीवर ओवरफ्लो होने की वजह से सड़क पर पानी जमा होता है और पानी जमा होने की वजह से जब यहां से वाहन गुजरते हैं, तो सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है। वहीं क्षतिग्रस्त सड़क होने की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ता है। बारिश के बाद तो यहां निकालने का भी स्थान नहीं बचता है। साथ ही सड़क हादसे होने का भी डर बना रहता है। वही नगर निगम क्षेत्र होने के बावजूद भी यहां पर नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान नहीं जा रहा है।

औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें हो चुकी हैं खस्ताहाल

करंट क्राइम : बुलंदशहर औद्योगिक क्षेत्र में जहां बीते दिनों सड़क बनाने का काम शुरू हुआ तो वह अब रुका हुआ है। जिसकी वजह से जो सड़कें टूटी थी, वह पूरी बन नहीं पाई है और टूटी सड़क पर बीते दिनों हुई बारिश का पानी जमा हो गया है। सड़क पर बारिश का पानी जमा होने से वाहनों के निकलने में जहां परेशानी होती है, तो वहीं आसपास के फैक्ट्री वाले कर्मचारियों को भी टूटी सड़क और जलभराव के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। यहां की सड़क कब सुधारेंगी, अभी कुछ पता नहीं है लेकिन टूटी सड़कों की वजह से लोग परेशान हैं, और सरकार का गड्ढा मुक्त अभियान गड्ढे में जाता हुआ नजर आ रहा है।

साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की टूटी सड़कों पर हुआ जलभराव

करंट क्राइम : साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र आर्थिक रूप से बड़ा इलाका है। यहां की सड़क कई बार मरम्मत की गई हैं। उसके बावजूद भी सड़के हल्की सी बारिश में जर्जर हो जाती हैं। इसका खामियाजा यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को होता है। टूटी सड़कों पर वाहन चलाते वक्त जहां लोग डरे रहते हैं तो वही हादसा होने का भी उनको भय अंदर ही अंदर सताता है। इसके साथ ही जलभराव होने से आसपास के फैक्ट्री संचालकों को भी परेशानी उठानी पड़ती है।

जब नदिया पार वाले मंडल अध्यक्ष रख रहे थे अपने अटल विचार

तब महानगर मंत्री ने उन्हें टोका तो हो गई मंच पर ही तकरार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। किस्सा फ्लोवर वालों की फायर से जुड़ा है। किस्सा विचार का है और किस्से में तकरार है। किस्से में गुस्से का गुबार है। बताया जाता है कि मामला जयंती वाला था और मंडल अध्यक्ष को मंच और माइक मिला। मंडल अध्यक्ष जज्बाती नेता हैं और कई बार वो सियासी नौंकझोंक में भी अपना बीपी हाई कर लेते हैं और उनके शब्द बीप-बीप वाले हो जाते हैं। वहीं जो महानगर मंत्री हैं वो भी उड़ता तीर पकड़ने के माहिर बताए जाते हैं और बताया ये जाता है कि सरकार वाले ये दोनों ही तार एक मौके पर टकरा गए और शब्दों का ब्लास्ट हो गया।

दरअसल मंडल अध्यक्ष के बोलने की बारी आई तो उन्होंने अपने अटल विचार रखें। अपनी बारी आने पर उन्होंने कहा कि जिस स्थान पर हम ये बात कर रहे हैं यहां तो अगर वो रोक ना लगाते तो चौक बन जाता। उन्होंने कहा कि यहां तो अपने ने ही रोड़ा लगा दिया। मंडल वाले अपनी बात रख रहे थे, लेकिन बताते हैं कि सीन में महानगर के मंत्री ने एंट्री ले ली। उन्होंने एक उड़ता तीर पकड़ लिया और बाद में ये तीर उल्टा हो गया। पूरे नजारे को देखने वाले लोग इस बात के गवाह हैं कि जब मंडल वाले अपने दिल के जज्बात रख रहे थे तो उड़ता तीर पकड़ने के एक्सपर्ट महानगर मंत्री ने उन्हें टोक दिया। कहा कि आप केवल जयंती की बात करें। अब ये बात मंडल अध्यक्ष को नागवार गुजरी। उनका ये मानना था कि वो अपने मन की व्यथा को रख रहे हैं और महानगर के मंत्री इसे कोई कथा मान रहे हैं।

इसके बाद मामला सर्दी के मौसम में हाई वोल्टेज का हो गया। तू-तू- मैं-मैं से शुरू हुई बात एक-दूसरे के गिरेबान तक आ पहुंची। बताने वाले बताते हैं कि अगर दोनों को ना रोकते तो भाजपाई तो हो जाती दोनों के बीच हाथापाई। बहरहाल भाजपाइयों ने ही इस मामले को बिगड़ने से बचाया और दोनों को टोका। सूत्र बताते हैं कि इसके बाद सीन का सुखद समापन भी हुआ। जब कार्यक्रम के बाद सबने एक पार्षद के घर पर बैठकर चाय और जलपान लिया। इसके बाद सबने शांतिपूर्वक प्रस्थान किया।

भाजपा के पूर्व मंत्री ने दिया जनपद के अधिकारियों को ईमानदारी का चैलेंज

कहा- अधिनस्थ कर्मचारी रिश्वत मांगे तो उसी काम को बिना रिश्वत के कराकर दिखाए



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बालेश्वर त्यागी भाजपा के वो नेता हैं जिन्होंने एक युग देखा है। वो ऐसे मंत्री रहे हैं जिन्होंने कभी सरकार से जेब खर्च के लिये मंत्री रहते एक रुपया भी नहीं लिया। उनकी राजनीतिक सुचिता पर कोई संदेह नहीं है।

वो उन नेताओं में हैं जो अपनी बात को बिना किसी लाग लपेट के दृढता और स्पष्टता से कहने की क्षमता रखते हैं। कई मौकों पर उन्होंने सरकार को आईना दिखाया है। कई मौकों पर वो व्यवस्था को घेर लेते हैं और इस बार उन्होंने अधिकारियों की ईमानदारी के मुद्दे को उठाया है। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने किसी अधिकारी का नाम नहीं लिया है, लेकिन उन्होंने जनपद के सभी अधिकारियों को उनकी ईमानदारी का चैलेंज दिया है।

उन्होंने लिखा कि मेरा एक सुझाव है कि जनपद में नियुक्त जो अधिकारी ईमानदार हैं या जो अधिकारी अपने को ईमानदार होने का दावा करते हैं तो उन्हें कम से कम यह घोषणा करनी। अगर कोई भी उनका अधिनस्थ कर्मचारी रिश्वत मांगता है तो पीड़ित व्यक्ति रिश्वत ना दें और उन ईमानदारी अधिकारी से संपर्क करें, तो वह सही काम बिना रिश्वत के कराकर देंगे। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने लिखा कि तब तो किसी अधिकारी का ईमानदार होना सार्थक है अन्यथा ऐसी ईमानदारी केवल अधिकारी का व्यक्तिगत आभूषण है या फिर ईमानदारी केवल पाखण्ड है।

मोहम्मद जुबेर का मोबाइल खोलेगा कई अहम राज

पुलिस को मिल रहे हैं कई महत्वपूर्ण सुराख

गाजियाबाद, करंट क्राइम : फैक्ट चेकर अल्ट न्यूज से जुड़े मोहम्मद जुबेर पर कवि नगर पुलिस ने जो मुकदमा दर्ज किया था, उस मामले में पुलिस ने मोहम्मद जुबेर के मोबाइल फोन को भी जप्त कर लिया है। मोबाइल फोन को कब्जे में लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है ताकि उसके टेक्निकल एविडेंस हासिल किया जा सके। अब तक की पुलिस की पूछताछ बता रही है कि मोहम्मद जुबेर पर यति नरसिंहानंद से जुड़े भड़काऊ पोस्ट इंटरनेशनल मीडिया में प्रसारित करने का आरोप है। इस मामले में डा. उदिता त्यागी द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया था। फिलहाल अभी मोहम्मद जुबेर को हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है, इस मामले में अगली सुनवाई 16 जनवरी को होनी है। वहीं पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों पुलिस ने मोहम्मद जुबेर के मोबाइल फोन को ले लिया था और उसका उत्तर हासिल करने का काम किया जा रहा है।

पुलिस ने पूछे हैं मोहम्मद जुबेर से क्रमबद्ध सवाल

करंट क्राइम : फैक्ट चेकर मोहम्मद जुबेर पर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगा था और उनकी गिरफ्तारी के पुलिस ने प्रयास किया लेकिन हाई कोर्ट में मामला पहुंच जाने की वजह से फिलहाल मोहम्मद जुबेर की गिरफ्तारी पर रोक है। पर पुलिस लगातार मोहम्मद जुबेर को सवालों के घेरे में लेने का काम कर रही है। बीते दिनों कवि नगर थाना पुलिस ने मोहम्मद जुबेर से क्रमबद्ध तरीके से सवाल पूछे थे और उसके जवाब भी ले लिए गए हैं। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि इस मामले में पुलिस अब मोबाइल फोन से मिलने वाले सबूत को इस मामले की विवेचना में लगाते हुए, कोर्ट के सामने प्रस्तुत करेंगी।

मौहम्मद जुबेर पर कस सकता है पुलिस का शिकंजा

करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिल रही है कि लगातार मोहम्मद जुबेर पर पुलिस शिकंजा कसने का प्रयास कर रही है। उससे कई स्तर की पूछताछ और उसके मोबाइल को लेकर इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटली एविडेंस भी तैयार किया जा रहे हैं ताकि कवि नगर थाना पुलिस द्वारा दर्ज किए गए धार्मिक भावनाएं भड़काने के आरोप के मामले में पुख्ता सुबूत पूरे हो सकें।

सावधान! कहीं आप भी ना हो जाए कुंभ मेला दर्शन और बुकिंग के नाम पर ठगी के शिकार

यूपी पुलिस ने जारी किया सर्तकता वाला वीडियो

गाजियाबाद, करंट क्राइम : प्रयागराज में महाकुंभ आयोजित हो रहा है। तो इस महाकुंभ को डिजिटल रूप में भी प्रचारित और प्रसारित किया जा रहा है। डिजिटल कुंभ में साइबर ठग अपनी सेंध ना लगा दें, इसको लेकर यूपी पुलिस द्वारा एक वीडियो बनाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि वह होटल, गाड़ी और स्पेस बुक कराने के नाम पर ठगी का शिकार ना हों। वीडियो में बताया जा रहा है कि कहीं पर भी बुकिंग करने से पहले उसकी अच्छी तरीके से जांच कर लें, रकम देने से पहले देख लें की वेबसाइट नकली तो नहीं है। इसके साथ ही वह जिस सुविधा के लिए शुल्क दे रहे हैं, वह उन्हें मिलेगा भी या नहीं। वहीं उत्तर प्रदेश पुलिस ने एक अलर्ट वाला वीडियो भी जारी किया है। जिसमें बॉलीवुड अभिनेता संजय मिश्रा लोगों को जागरूक करने का काम कर रहे हैं।



साइबर दोस्त ऐप से भी किया जा रहा है अलर्ट

पहले करें जांच, फिर बुक करें होटल, गाड़ी और इंतजाम

करंट क्राइम : यूपी पुलिस द्वारा लोगों से अपील की गई है कि वह ऑनलाइन बुकिंग करने से पहले ठीक प्रकार से जांच पड़ताल कर लें। कंपनियों की आधिकारिक वेबसाइट का इस्तेमाल करें। साथ ही किसी को भी ऑनलाइन पेमेंट देने से पहले उसकी हड़ताल खुद ही कर लें। साथ ही यूपी पुलिस ने क्यूआर कोड के नाम पर होने वाली ठगी को लेकर भी अलर्ट जारी कर दिया है। खुद उत्तर प्रदेश पुलिस के प्रमुख से लेकर अलग-अलग जिलों के प्रभारी इस वीडियो को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं ताकि साइबर ठग डिजिटल कुंभ 2025 में लोगों और श्रद्धालुओं को नुकसान न पहुंच पाएं।

पुलिस के ट्विटर हैंडल से लेकर साइबर दोस्त पर डाली गई वीडियो

करंट क्राइम : महाकुंभ 2025 प्रयागराज में आयोजित हो रहा है। इस दौरान लोग साइबर ठगों के शिकार ना बनें और उनका नुकसान ना हो, इसको लेकर पुलिस ने यूपी पुलिस के ट्विटर हैंडल से लेकर अलग-अलग जिले और कमिश्नरेट के ट्विटर हैंडल से सोमवार को एक जागरूकता वीडियो जारी कराई है। साथ ही साइबर दोस्त ऐप के जरिए भी लोगों तक पहुंचा जा रहा है ताकि वह ठगी के शिकार होने से बचें।

अवैध संबंधों में हुई थी नए साल के पहले दिन युवती की हत्या

भतीजी करती थी विरोध, तो फूफा ने चाकू से गोदकर उतारा था मौत के घाट

गाजियाबाद, करंट क्राइम: पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस ने रिश्तों के कलंकित होने के एक हत्या के सनसनीखेज मामले का खुलासा किया है। जिसमें साल के पहले दिन कौशांबी थानाक्षेत्र में युवती की पार्क में हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्यारोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवती की बेरहमी से हत्या करने के मामले में उसी के फूफा को दबोचा है। आरोप है कि फूफा और मृतका युवती के अवैध संबंध थे। भतीजी फूफा से शादी का दबाव बनाती थी, जिससे नाराज होकर उसने उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस का दावा है की युवती की हत्या सात बार चाकू गोदकर की गई थी। पुलिस ने आरोपी नीरज को मुठभेड़ के बाद चेकिंग में दबोचा है।

कौशांबी पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी को किया गिरफ्तार

चार बच्चों का पिता है हत्यारोपी धीरज

करंट क्राइम : पुलिस से पूछताछ में सामने आया है कि मृतका से उसके संबंध थे और वह शादी का दबाव बनाती थी, जबकि खुद नीरज पहले से शादीशुदा है। उसके तीन लड़के और एक बेटी है, इसीलिए उसने अपनी भतीजी की चाकू से एक के बाद एक सात वार कर हत्या की थी। साथ ही शव को पार्क में फेंक के फरार हो गया था। पुलिस ने इस हत्याकांड का छह दिन में खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बोला आरोपी नीरज शादी का दबाव बनाती थी मृतका

करंट क्राइम : एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह ने बताया है की पहली जनवरी की सुबह वैशाली मेट्रो स्टेशन के पास बने पार्क थाना कौशांबी क्षेत्र में 25 साल की युवती का शव मिला था। युवती के शरीर पर चाकू के कुल सात वार किए गए थे। जिसमें दो गर्दन, तीन छाती और दो पीठ पर थे। पुलिस की जांच से साफ हुआ है कि युवती के फूफा नीरज ने अवैध संबंध थे, उसने ही हत्या की थी। पुलिस ने नीरज को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। उसके पैर में गोली लगी है। पुलिस को पूछताछ में आरोपी नीरज ने बताया है कि उसकी भतीजी लगातार शादी का दबाव बनाती थी, जिससे परेशान होकर उसने हत्या का कदम उठाया।

संपादकीय

स्कूलों में हों सुविधाएं

स्कूली शिक्षा में बुनियादी सुविधाओं में सुधार हुआ है, लेकिन डिजिटल सुविधाओं में असमानता बनी हुई है। स्कूलों की संख्या बढ़ी है, लेकिन एनरोलमेंट में गिरावट देखी गई है। सेकंडरी स्टेज में ड्रॉपआउट दर बढ़ी है, और राज्यों के बीच टीचर-स्टूडेंट रेश्यो में भी अंतर है। स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से संचालित डेटा एग्रीगेशन प्लैटफॉर्म यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस की ताजा रिपोर्ट देश के स्कूली इन्फ्रास्ट्रक्चर में हुए सुधार के साथ ही उन अहम दिक्कतों की भी झलक देती है, जिन्हें दूर किया जाना बाकी है। रिपोर्ट में यह बात स्थापित होती है कि बुनियादी सुविधाओं की स्थिति बेहतर हुई है। करीब 90% स्कूलों में बिजली और जेंडर स्पेसिफिक टॉयलेट जैसी सुविधाएं हैं। लेकिन अगर डिजिटल सुविधाओं की बात की जाए तो स्कूलों के बीच गहरी खाई दिखती है। मसलन, फंक्शनल कंप्यूटर महज 57.2% स्कूलों में उपलब्ध है और 53.9% स्कूलों के पास इंटरनेट ऐक्सेस है। हालांकि, इस मामले में पिछले वर्षों में हुई प्रगति का अंदाजा इस तथ्य से होता है कि 2021-22 की रिपोर्ट के मुताबिक 66% स्कूलों में इंटरनेट कनेक्शन नहीं थे।

यह तथ्य भी गौर करने लायक है कि देश में पिछले साल के मुकाबले स्कूलों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन एनरोलमेंट में गिरावट देखी गई है। जहां स्कूलों की संख्या 14.66 लाख से बढ़कर 14.71 लाख हो गई वहीं इनमें होने वाला स्टूडेंट्स एनरोलमेंट 25.17 करोड़ से घटकर 24.80 करोड़ हो गया। यह गिरावट कमोबेश सभी कैटिगरीज - लड़के लड़कियां, ओबीसी, अल्पसंख्यक आदि- में है।

जहां तक ड्रॉपआउट यानी स्टूडेंट्स के स्कूल छोड़ने के मामलों की बात है तो इसमें सेकंडरी स्टेज में होने वाली बढ़ोतरी ध्यान देने लायक है। मिडल स्कूलों में जो ड्रॉपआउट दर 5.2% है, वह सेकंडरी स्टेज में आकर 10.9% तक पहुंच जाती है। जानकारों के मुताबिक, इसके पीछे ओबीसी और एससीटी/एसटी कैटिगरी के स्टूडेंट्स को दाखिले के डॉक्युमेंटेशन प्रॉसेस के दौरान होने वाली मुश्किलों और प्री-मैट्रिक व पोस्ट-मैट्रिक स्कॉलरशिप जैसी सुविधाओं की कमी का हाथ हो सकता है। एक और अहम पहलू है टीचर्स और स्टूडेंट्स के अनुपात यानी पीटीआर का। इस मामले में विभिन्न राज्यों के बीच अंतर विशेष रूप से ध्यान खींचता है। एक तरफ झारखंड, बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्य हैं, जहां सेकंडरी लेवल पर पीटीआर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तय मानक यानी 30 :1 से भी ज्यादा है तो दूसरी ओर असम, ओडिशा और कर्नाटक जैसे राज्य काफी पीछे नजर आते हैं।

कुल मिलाकर, देश में स्कूली शिक्षा को बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का असर दिखता है। लेकिन इस दौरान नई चुनौतियां भी उभर रही हैं, जिनकी अनदेखी नहीं की जा सकती। यूनिवर्सल एजुकेशन के लक्ष्य को ध्यान में रखें तो ड्रॉपआउट के ट्रेंड्स और ढलफपर खास ध्यान देने की जरूरत है।

निर्मला सीतारमण ने ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों के साथ बजट पर चर्चा की

आठवीं परामर्श बैठक का हुआ आयोजन

बैठक के दौरान वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी भी रहे मौजूद

बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ-साथ वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और निवेश व सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिवों और श्रम मंत्रालय के प्रतिनिधियों सहित शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। भारत सरकार में मुख्य आर्थिक सलाहकार भी मौजूद रहे।

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को हितधारकों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ आठवीं बजट पूर्व परामर्श बैठक की। इस दौरान केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों पर चर्चा की गई। यह बजट पूर्व आठवीं परामर्श बैठक है। केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को हितधारकों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ आठवीं बजट पूर्व परामर्श बैठक की। इस दौरान केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान ट्रेड यूनियनों के दृष्टिकोण को समझने की कोशिश की गई। वित्त मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में हितधारकों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ आठवीं प्री-बजट परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। 01 फरवरी 2025 कोपेश किए जाने वाले केंद्रीय बजट 2025-26 में प्रमुख आर्थिक चुनौतियों का समाधान करने और विकास को बढ़ावा दिए जाने की उम्मीद है। इससे पहले सीतारमण ने गुरुवार को अपनी बजट-पूर्व परामर्श बैठकों की श्रृंखला के तहत वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार के हितधारकों से मुलाकात की।

वार्षिक बजट तैयार करने की औपचारिक कवायद हो चुकी है शुरू

वित्त मंत्रालय विशेषज्ञों, उद्योग जगत के नेताओं, अर्थशास्त्रियों और राज्य के अधिकारियों के साथ कई बजट-पूर्व परामर्श बैठकें आयोजित करता है। अगले वित्तीय वर्ष के लिए वार्षिक बजट तैयार करने की औपचारिक कवायद शुरू हो चुकी है। सीतारमण ने अब तक एमएसएमई, किसान संघों और अर्थशास्त्रियों सहित विभिन्न हितधारकों के साथ कई बैठकें की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पिछले सप्ताह नीति आयोग परिसर में केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारी के लिए प्रख्यात अर्थशास्त्रियों और विचारकों के एक समूह के साथ बातचीत की थी। परंपरा के अनुसार 2025-26 का केंद्रीय बजट 1 फरवरी, 2025 को पेश किया जाएगा। 2025-26 का बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आठवां बजट होगा। सभी की निगाहें मोदी सरकार की तीसरी पारी के शेष कार्यकाल के लिए प्रमुख घोषणाओं और सरकार के आर्थिक दिशा-निर्देशों पर रहेंगी।

भारतीय शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

एचएमपीवी की आशंका और वैश्विक अनिश्चित-ताओं के बीच सेंसेक्स 1,258 अंक टूटा

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को वैश्विक अनिश्चितताओं और ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच भारी गिरावट के साथ बंद हुए। घरेलू बेंचमार्क सूचकांक 1.5 प्रतिशत से अधिक गिर गए। निफ्टी पर पीएसयू बैंक सेक्टर में भारी बिकवाली देखने को मिली। पीएसयू बैंक सेक्टर में 4 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा रियलिटी, मेटल, एनर्जी, पीएसई और कमोडिटी सेक्टर में भी 3 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,258.12 अंक या 1.59 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,964.99 पर और निफ्टी 388.70 अंक या 1.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,616.05 पर बंद हुआ। सेंसेक्स का इंट्राडे लो 77,781.62 रहा, जबकि निफ्टी का इंट्राडे लो 23,551.90 रहा। निफ्टी बैंक 1,066.80 अंक या 2.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,922 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,564.10 अंक या 2.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,366.9 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 608.45 अंक या 3.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,425.25 पर बंद हुआ। बाजार

के जानकारों के अनुसार, घरेलू बाजार में तेज बिकवाली का मुख्य कारण एचएमपीवी को लेकर चिंता है। अमेरिकी आर्थिक नीतियों, भविष्य में ब्याज दरों में कटौती पर फेड के आक्रामक रुख, वर्ष 2025 में मुद्रास्फीति में संभावित वृद्धि और डॉलर में मजबूती के कारण उभरते बाजारों में कंसोलिडेशन हो रहा है।

सेवा क्षेत्र में चार महीने की सबसे मजबूत वृद्धि

नई दिल्ली। पीएमआई सर्वेक्षण के अनुसार दिसंबर में मांग बढ़ने से सेवा क्षेत्र में वृद्धि को मदद मिली। इस दौरान व्यापार प्रवाह व उत्पादन को बढ़ावा मिला। नतीज हुआ कि सेवा प्रदाताओं ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अधिक श्रमिकों को काम पर रखा। भारत के सेवा क्षेत्र में 2024 के आखिरी महीने में मजबूती दिखी। पीएमआई सर्वे के अनुसार, एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स नवंबर के 58.4 से बढ़कर दिसंबर में 59.3 हो गया। यह चार महीने की सबसे बड़ी वृद्धि है। ये आंकड़े सेवा क्षेत्र में मजबूती के संकेत देते हैं। पीएमआई सर्वेक्षण के अनुसार दिसंबर में मांग बढ़ने से सेवा क्षेत्र में वृद्धि को मदद मिली। इस दौरान व्यापार प्रवाह व उत्पादन को बढ़ावा मिला। नतीज हुआ कि सेवा प्रदाताओं ने बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अधिक श्रमिकों को काम पर रखा। पीएमआई सर्वे के अनुसार, सेवा क्षेत्र में व्यावसायिक गतिविधि का स्तर नवंबर महीने की तुलना में 58.4 से बढ़कर दिसंबर में 59.3 हो गया। यह

भारत के सर्विस सेक्टर की वृद्धि दर दिसंबर में चार महीने के उच्चतम स्तर पर : रिपोर्ट

नई दिल्ली। भारत के सर्विस सेक्टर की वृद्धि दर दिसंबर में चार महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुए एक सर्वे में दी गई। एचएसबीसी इंडिया सर्विसेज परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (सर्विसेज पीएमआई), जिसे एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित किया जाता है, में कहा गया कि भारत के सर्विस सेक्टर का पीएमआई दिसंबर में 59.3 रहा है, जो कि नवंबर में 58.4 पर था। यह अगस्त 2024 के बाद सर्विसेज पीएमआई का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। सर्वे में कंपनियों ने बताया है कि सर्विस सेक्टर की गतिविधियों में उछाल की वजह मजबूत मांग का होना है। सर्वे में कई कंपनियों ने संकेत दिया है कि क्षमता विस्तार ने उन्हें अत्याधिक काम स्वीकार करने की अनुमति दी है। सर्वे के मुताबिक, सकारात्मक सेंटीमेंट अपने लंबी अवधि के औसत से ऊपर बना हुआ है। सर्विसेज प्रोवाइडर्स को विश्वास है कि आने वाले 12 महीने में आउटपुट बढ़ेगा। क्षमता विस्तार, नए ग्राहकों द्वारा पूछताछ और मार्केटिंग के लिए बजट आवंटन बढ़ना कई ऐसे कारण थे, जिन्होंने वृद्धि दर को बढ़ावा दिया है। दिसंबर में सर्विसेज कंपनियों के कारोबारी खर्च में बढ़ोतरी जारी रही, लेकिन महंगाई दर नवंबर के 15 महीने के उच्चतम स्तर से नीचे आई है। इनपुट लागत में वृद्धि के चलते दिसंबर में सर्विस प्रोवाइडर्स ने फिर से अपनी फीस बढ़ा दी।सर्वे में बताया गया कि दिसंबर के दौरान सर्विस प्रोवाइडर को मिले अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों में ठोस वृद्धि हुई, जो आने वाले महीनों में रोजगार और विकास के लिए अच्छा संकेत है। एचएसबीसी के अर्थशास्त्री

इनेस लैम ने कहा, नए कारोबार और भविष्य की गतिविधियों जैसे दूरगामी संकेतकों से पता चलता है कि निकट भविष्य में भी मजबूत प्रदर्शन जारी रहेगा। सर्विसेज सेक्टर की गतिविधियों में मजबूत वृद्धि ने मैन्युफैक्चरिंग गतिविधियों में वृद्धि में गिरावट की भरपाई की है और इस कारण कुल कंपोजिट पीएमआई दिसंबर में बढ़कर 59.2 हो गया है।

राशिफल

मेष : बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबारी कामकाज मनोनुकूल लाभ देंगे।

वृष : नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। मान-सम्मान मिलेगा। नए कारोबारी अनुबंध हो सकते हैं।

मिथुन : धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के कामों में सफलता प्राप्त होगी।

कर्क : वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक हानि व कष्ट संभव है। किसी अपने ही व्यक्ति से अकारण विवाद हो सकता है।

सिंह : शत्रुता बढ़ सकती है। वाणी में नियंत्रण आवश्यक है। कुंआरों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। शारीरिक समस्या हो सकती है।

कन्या : परिवार के छोटे सदस्यों की अध्ययन संबंधी चिंता रह सकती है। दुष्टजनों से सावधान रहें। स्थायी संपत्ति में वृद्धि हो सकती है।

तुला : शारीरिक कष्ट संभव है। चोट व रोग से बचें। आराम के साधनों पर खर्च होगा। लेखन व पठन-पाठन में समय व्यतीत हो सकता है। सफलता प्राप्त करेंगे।

वृश्चिक : पुराना रोग परेशानी का कारण रह सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद संभव है। क्लेश रहेगा। मन में दुविधा रहेगी।

धनु : दांपत्य जीवन सुखमय व्यतीत होगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। किसी भी विवाद में न पड़ें। प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे।

मकर : किसी भी कानूनी फेर में न पड़ें। वाणी पर संयम रखें। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। घर में अतिथियों का आगमन होगा।

कुंभ : बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभ देगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी।

मीन : अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। हाथ तंग रहेगा। किसी व्यक्ति से व्यर्थ में विवाद हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। भावनाओं को वश में रखें।

चुटकुले

नौकरानी (बहू से) : मेमसाब, जल्दी आइए। पड़ोस की तीन औरतें बाहर आपकी सास की पिटाई कर रही हैं।
बहू बालकनी में आकर देखने लगी
नौकरानी : आप उनकी मदद करने नहीं जाएंगी?
मालकिन : नहीं रहने दो! तीन ही काफी हैं।

सास अपनी बहू से परेशान थी, क्यूंकि वो कोई काम नहीं करती थी
एक दिन सास ने अपने बेटे के साथ मिलकर सलाह की, 'कल सुबह मैं घर में झाड़ू लगाउंगी और तुम मुझे टोकना कि लाओ मां मैं कर देता हूं। इस तरह बहू को कुछ तो शर्म आएगी।'
सुबह जैसे ही मां झाड़ू लगाने लगी...
बेटा : लाओ मां मैं कर देता हूं
बहू : अरे, इसमें झगड़ने की क्या बात है, एक दिन मां लगाएंगी और एक दिन तुम लगा लेना।

रोचक तथ्यों का करंट



- पृथ्वी तक सूर्य प्रकाश का पहुंचने में 8 मिनट 18 सेकण्ड का समय लेता है।
- पृथ्वी का समुद्र तल से अधिकतम ऊँचा उठा हुआ भाग 15000 मीटर तक हो सकता है इससे अधिक नहीं। इसकी वजह पृथ्वी की गुरूत्वाकर्षण शक्ति है।
- पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह चन्द्रमा है,जो कभी इसी का ही भाग था ।
- आज से 450 करोड़ साल पहले, सूर्य मंडल में मंगल के आकार का एक ग्रह था जो कि पृथ्वी के साथ एक ही ग्रहपथ पर सूर्य की परिक्रमा करता था ।मगर यह ग्रह किसी कारण धरती से टकराया और एक तो धरती मुड़ गई और दूसरा इस टक्कर के फलस्वरूप जो पृथ्वी का हिस्सा अलग हुआ उससे चाँद बन गया ।
- पृथ्वी को सूर्य से ऊर्जा मिलती है और यही ऊर्जा पृथ्वी की सतह को गरम करती है।
- सूर्य की ऊर्जा का कुछ भाग पृथ्वी और समुद्र की सतह से टकराकर वायुमंडल में बदल जाता है।
- पृथ्वी आकार में पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।
- आकार और बनावट में पृथ्वी शुक्र की तरह है।
- पृथ्वी सौरमण्डल का एकमात्र ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन है।

भारतीय रियलिटी सेक्टर में 2024 में 6.5 बिलियन डॉलर का निवेश : रिपोर्ट

नई दिल्ली। इंडस्ट्रियल और वेयरहाउसिंग सेगमेंट के नेतृत्व में भारतीय रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 2024 में 6.5 बिलियन डॉलर के स्तर को छू गया, जो पिछले साल के 5.4 बिलियन डॉलर से 22 प्रतिशत की शानदार वृद्धि है। यह जानकारी सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। कोलियर्स इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, कुल मिलाकर 4.3 बिलियन डॉलर के विदेशी निवेश ने वार्षिक रियल एस्टेट निवेश को 66 प्रतिशत तक बढ़ाया, जबकि घरेलू निवेश में भी लगातार वृद्धि देखी गई, जो वर्ष के दौरान 27 प्रतिशत बढ़ा। मुंबई में लगभग 1.6 बिलियन डॉलर का निवेश हुआ, जो पिछले साल देश में रियल एस्टेट निवेश का 24 प्रतिशत था। बेंगलुरु, चेन्नई और दिल्ली-एनसीआर में निवेश प्रवाह भी स्थिर रहा और वर्ष के दौरान प्रत्येक में 8-9 प्रतिशत का योगदान रहा। 2024 की चौथी तिमाही विशेष रूप से मजबूत रही, जिसमें निवेश 1.9 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यह 2023 की इसी अवधि की तुलना में 2.3 गुना वृद्धि है। विशेष रूप से, घरेलू निवेश 2024 की चौथी तिमाही में महत्वपूर्ण थे और अंतिम तिमाही के दौरान प्रवाह का 43 प्रतिशत हिस्सा था। इंडस्ट्रियल और वेयरहाउसिंग सेगमेंट ने पिछले साल कुल रियल एस्टेट निवेश मात्रा में सबसे अधिक 39 प्रतिशत हिस्सा लिया, जो ऑफिस सेगमेंट से आगे निकल गया। मैन्युफैक्चरिंग और इंडस्ट्रियल विकास मजबूत रहा और विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) और औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) जैसे मैक्रो-इकोनॉमिक संकेतकों के प्रदर्शन में नजर आया। 1.1 बिलियन डॉलर पर, आवासीय सेगमेंट में भी पर्याप्त वृद्धि देखी गई, जो 2023 के स्तर की तुलना में 46 प्रतिशत बढ़ा।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

07 01 2025

करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन

बालकिशन गुप्ता
(भाजपा नेता)

काजल सिंह सेंगर

किया शर्मा

रिया कुमारी

आरती मिश्रा

सेलेब्रिटी जन्मदिन

बिपाशा बसु
अभिनेत्री

सविता गौतम

कमलेश देवी

वंदना जोशी

राजेश्वरी कुमारी

मधु राठोर

गुड्डू यादव

विकास भारद्वाज

वरूण सिंघल

विकास राना

अभिषेक चौधरी

नितिन चौधरी

किरन वीर

निशांत पंडित

युसुफ खान

ललित त्यागी

यश पाराशर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

ऋषि धवन ने सीमित ओवर के क्रिकेट से संन्यास लिया

नई दिल्ली । हिमाचल प्रदेश के स्टार ऑलराउंडर और भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके ऋषि धवन ने सीमित ओवर के क्रिकेट से संन्यास लेने का एलान किया है। वर्तमान में विजय हजारे ट्रॉफी में हिमाचल प्रदेश की कप्तानी कर रहे ऋषि ने यह घोषणा अपने इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिये की। उन्होंने लिखा कि यह फैसला भारी मन से लिया गया है, लेकिन उन्हें अपने करियर पर गर्व है और कोई पछतावा नहीं है।

ऋषि ने अपने पोस्ट में यह भी लिखा है कि यह संन्यास सिर्फ. सीमित ओवर के क्रिकेट से है। इसका मतलब है कि वह खेल के सबसे बड़े प्रारूप में खेलना जारी रखेंगे। रणजी ट्रॉफी के बाकी बचे दो मुकाबले में उनके हिस्सा लेने की उम्मीद है।

ऋषि ने भारत के लिए तीन वनडे और एक टी20 मैच खेला है। उन्होंने जनवरी 2016 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था। उसी साल ज़िम्बाब्वे के खिलाफ अपना पहला और एकमात्र टी20 मैच खेला। हालांकि उनका अंतर्राष्ट्रीय करियर लंबा नहीं चला, लेकिन घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में उनका प्रदर्शन शानदार रहा।

अपने संन्यास की घोषणा करते हुए ऋषि ने इंस्टाग्राम पर लिखा, ₹ भारी मन से लेकिन बिना किसी पछतावे के, मैं भारतीय क्रिकेट (सीमित ओवर) से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। यह एक ऐसा खेल है जिसने पिछले 20 वर्षों से मेरी ज़िंदगी को परिभाषित किया है। इस खेल ने मुझे अपार खुशी और अनगिनत यादें दी हैं, जो हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहेंगी।

मैं इस अवसर पर बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड), हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए), पंजाब किंग्स, मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स द्वारा मुझे दिए गए मौकों के लिए आभार व्यक्त करना चाहता हूं।साधारण शुरूआत से लेकर अपने देश के सबसे बड़े मंचों पर प्रतिनिधित्व करने तक, यह मेरे लिए एक असाधारण सम्मान रहा है।

घरेलू क्रिकेट में ऋषि का प्रदर्शन काफी प्रभावशाली रहा। बीते विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने एक अर्धशतक की मदद से 196 रन बनाए और आठ विकेट भी लिए। लिस्ट ए क्रिकेट में ऋषि ने 38.23 की औसत से 2906 रन बनाये और 186 विकेट लिए हैं। वहीं टी20 क्रिकेट में उन्होंने 30 की औसत से 1740 रन और 118 विकेट अपने नाम किए।

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग के सह-मालिक बने

नई दिल्ली । बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन ने आईसीसी द्वारा अनुमोदित यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग के साथ हाथ मिलाया है, जो तीन सदस्य क्रिकेट देशों - आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड - के साथ साझेदारी में एक निजी स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट है। उन्होंने सह-मालिक के रूप में संपत्ति में निवेश किया है।

ईटीपीएल 15 जुलाई से 3 अगस्त तक शुरू होने वाला है और इसमें तीनों देशों की सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं शामिल होंगी, जो दुनिया भर के विश्व स्तरीय खिलाड़ियों के साथ सच्चे यूरोपीय अंदाज में कंधे से कंधा मिलाकर खेलेंगी।

यूरोपियन टी20 प्रीमियर लीग में अपने निवेश के बारे में बात करते हुए अभिषेक ने कहा, ₹क्रिकेट सिर्फ.एक खेल नहीं है; यह एक ऐसी एकीकृत शक्ति है जो सीमाओं से परे है। ईटीपीएल क्रिकेट की बढ़ती वैश्विक अपील को प्रदर्शित करने के लिए आदर्श

मंच है।

2028 ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किए जाने के बाद, इसकी लोकप्रियता और भी बढ़ जाएगी। मैं आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड के क्रिकेट बोर्डों के बीच इस अनूठे सहयोग को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मैं सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए समर्पित हूं ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि ईटीपीएल एक शानदार सफलता बने और क्रिकेट को यूरोप भर में लाखों लोगों के करीब लाए। यह तो बस शुरूआत है। अब समय आ गया है कि हम अपनी आस्तीन ऊपर चढ़ाएं और खेल शुरू करें।

लीग के विकास का नेतृत्व एक अंतरिम कार्य समूह द्वारा किया गया है, जिसमें भाग लेने वाले क्रिकेट बोर्ड के प्रतिनिधि शामिल हैं, साथ ही रणनीतिक भागीदार रूल्स स्पोर्ट टेक, फंडिंग भागीदारों की ओर से।

ऑस्ट्रेलिया के नए खिलाड़ियों को डराने की भारत की मानसिकता कारगर नहीं रही: जॉनसन

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिशेल जॉनसन का मानना है कि हाल ही में सिडनी टेस्ट के दौरान सैम कोंस्टास और ब्यू वेबस्टर जैसे ऑस्ट्रेलियाई नए खिलाड़ियों को डराने के लिए भारत की ह्यदो बनाम 11 की मानसिकता कारगर नहीं रही।

इस मैच में, भारत को सिडनी में छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने एक दशक के बाद बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से जीती। भारतीय टीम ने मैदान पर दो बनाम 11 की मानसिकता को अपनाया, जिसका उद्देश्य ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को अलग-थलग और दबाव में महसूस कराना था। उनका ध्यान न केवल अपने विरोधियों के तकनीकी कौशल का परीक्षण करने पर था, बल्कि उनकी मानसिक दृढ़ता को चुनौती देने पर भी था।

टेस्ट क्रिकेट में, ऐसा माहौल बनाना महत्वपूर्ण है, जहां बल्लेबाज

अपने प्राथमिक उद्देश्य से विचलित हो जाएं। यह मनोवैज्ञानिक बढ़त अक्सर खेल में किसी भी शारीरिक कौशल जितनी ही महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।"

जॉनसन ने सोमवार को द नाइटली के लिए अपने कॉलम में लिखा, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को डराने की कोशिश करना वास्तव में कारगर नहीं रहा, क्योंकि कोंस्टास और ब्यू वेबस्टर दोनों ने अपनी योग्यता साबित की।

साथ ही, जॉनसन ने कहा कि कोंस्टास का पहले दिन जसप्रीत बुमराह के खिलाफ मौखिक हमला करना सराहनीय कार्य नहीं था। मैं कोंस्टास द्वारा अपने साथी का समर्थन करके जो करने की कोशिश की गई, उसकी सराहना करता हूँ, लेकिन इस तरह की भागीदारी के लिए यह बिल्कुल भी सही समय नहीं था। दिन के उस आखिरी चरण में, केवल एक ही विजेता हो सकता था।

जॉनसन ने कहा,मुझे आश्चर्य है कि क्या ख्वाजा ने कोंस्टास के साथ बातचीत की या क्या किसी अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी ने उन्हें दिन के खेल के बाद ऐसी परिस्थितियों से निपटने के बारे में कोई सलाह दी। यह टीम में नए खिलाड़ियों को शामिल करने के एक महत्वपूर्ण पहलू को उजागर करता है: उन्हें खेल की गतिशीलता के भीतर विभिन्न परिदृश्यों को संभालने के तरीके को समझने के लिए अनुभवी साथियों के मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।

आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगी स्मृति मंधाना

राजकोट । 10 जनवरी से शुरू होने वाली आयरलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज के लिए चयनित भारतीय दल की कप्तानी स्मृति मंधाना को सौंपी गई है। टीम की नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर को सीरीज से आराम दिया गया है जबकि तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर को भी आराम देने का फैसला किया गया है।

सीरीज के तीनों मैच राजकोट के निरंजन शाह स्टेडियम में खेले जाएंगे। 12 जनवरी को दूसरा मैच और तीसरा मैच 15 जनवरी को खेला जाएगा। यह सभी मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजे शुरू होंगे। पिछले महीने भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ नवी मुंबई में टी20 जबकि वड़ोदरा में वनडे सीरीज खेली थी। टी 20 सीरीज में भारत ने 2-1 से जीत दर्ज की थी जबकि वनडे सीरीज में भारत ने 3-0 से क्लीन स्वीप किया था।

स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देओल, जेमिमाह

रॉड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसबनिस, राघवी बिष्ट, मिन्नू मानी, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, तितास साधु, साइमा ठाकोर, सयाली सतघरे।

व्हीलचेयर पर बैठकर जीवन को फिर से शुरू करना बहुत मुश्किल था पैरा शूटर अवनि लेखरा

नई दिल्ली । भारतीय पैरा शूटर अवनि लेखरा ने पैरा-एथलीट बनने की चुनौतीपूर्ण यात्रा के लिए आभार व्यक्त किया और चैंपियन बनने में मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर विचार किया।

दो बार पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली अवनि 10 साल की उम्र में एक कार दुर्घटना के बाद कमर से नीचे लकवाग्रस्त हो गई थीं। चुनौतियों को अपने ऊपर हावी न होने देते हुए

उन्होंने 2015 में निशानेबाजी का खेल अपनाया और तब से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट जीते। 2020 में, अवनि ने टोक्यो में पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनकर इतिहास भी रच दिया।

उन्होंने ओलंपिक पदक विजेता गगन नारंग स्पोर्ट्स प्रमोशन फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई पहल हाउस ऑफ ग्लोरी पॉडकास्ट पर कहा, ह्लयह एक उतार-चढ़ाव भरा सफर रहा है। मुझे सब कुछ नहीं दिया गया था और मुझे बिल्कुल शुरूआत से शुरूआत करनी पड़ी। दुर्घटना से पहले, मैं एक अलग बच्ची थी।

मुझे डांसिंग, सिंगिंग और ऐसे ही अन्य शौक ज्यादा पसंद थे। दुर्घटना के बाद व्हीलचेयर पर जीवन को फिर से शुरू करना काफी मुश्किल था। आपकी जिंदगी पूरी तरह से बदल जाती है। आपको फिर से बैठना भी सीखना पड़ता है।"

उन्होंने आगे कहा, ₹जब मैंने शूटिंग शुरू की, तो मुझे कई उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा। लेकिन मैंने जो कुछ भी हासिल किया, जो गलतियां कीं और जो असफलताएं झेलीं, उनसे मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला। मैं इसे किसी भी कीमत पर बदलना नहीं चाहूंगी।

अवनी ने मानसिक शक्ति के महत्व पर भी बात की, जो उनके खेल का एक महत्वपूर्ण पहलू है और विजेता का निर्धारण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अवनि ने कहा, ह्लशूटिंग में शारीरिक प्रशिक्षण की तरह ही मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत करना भी मेरे लिए उतना ही महत्वपूर्ण है। मैं बहुत सारे मानसिक प्रशिक्षण अभ्यास करती हूं क्योंकि मेरा मानना है कि शूटिंग 70-80 प्रतिशत मानसिक खेल है। फाइनल में सभी शीर्ष आठ एथलीट एक जैसी स्थिति में हैं, लेकिन जो अपनी मानसिक शक्ति की मदद से अपनी प्रक्रिया पर अधिक ध्यान केंद्रित करने में सक्षम है, वह उस दिन जीतता है।

परिणाम वैसा नहीं था जिसकी हमें उम्मीद थी : जायसवाल

नई दिल्ली । भारत के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने रविवार को सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-3 से मिली हार के बाद कहा कि टीम मजबूत वापसी करेगी। भारत ने सीरीज का आखिरी टेस्ट छह विकेट से गंवा दिया, जिससे लगातार तीसरे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की उनकी उम्मीदें खत्म हो गईं।

यह एक दशक में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की पहली टेस्ट सीरीज हार भी थी। उन्होंने आखिरी बार 2015 में ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज हारी थी। भारत ने पिछली चार सीरीज में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को सफलतापूर्वक बरकरार रखा, जिसमें ऑस्ट्रेलिया में दो सीरीज शामिल हैं।

हालांकि, इस बार परिणाम भारत

के पक्ष में नहीं रहा क्योंकि उनके बल्लेबाजों को ऑस्ट्रेलियाई धरती पर रन बनाने में संघर्ष करना पड़ा। जसप्रीत बुमराह दौरे पर यादगार प्रदर्शन करने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे। उन्होंने 32 विकेट लेकर सबसे ज्यादा विकेट लिए और उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया।

ओडिशा सरकार ने भारतीय खो-खो टीम के लिए 3 साल के प्रायोजन की घोषणा की

भुवनेश्वर । ओडिशा सरकार ने सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय खो-खो टीम के लिए तीन साल के प्रायोजन सौदे की घोषणा की, जो देश में स्वदेशी खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने घोषणा की कि राज्य जनवरी 2025 से दिसंबर 2027 तक सालाना 5 करोड़ रुपये का निवेश करेगा, जिसका वित्तपोषण ओडिशा खनन निगम के माध्यम से किया जाएगा।

15 करोड़ रुपये का कुल प्रायोजन पैकेज भारतीय हॉकी के साथ अपनी सफल साझेदारी के बाद खेल विकास के लिए ओडिशा की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस पहल का उद्देश्य खो-खो की

स्थिति को ऊपर उठाना और राष्ट्रीय टीम को आवश्यक सहायता प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री माझी ने कहा, ₹यह भारत में खो-खो के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण है। अपने स्वदेशी खेलों का समर्थन करके, हम न केवल अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि अपने एथलीटों के लिए नए अवसर भी पैदा कर रहे हैं। जिस तरह हमने भारतीय हॉकी को बदला है, उसी तरह हम खो-खो के लिए भी इसी तरह के पुनर्जागरण की कल्पना करते हैं, जिससे ओडिशा को खेल उत्कृष्टता के लिए उत्प्रेरक के रूप में स्थापित किया जा सके।

खो-खो फेडरेशन ऑफ इंडिया (केकेएफआई) के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने घोषणा का स्वागत करते हुए कहा, ₹खो-खो के प्रति ओडिशा की प्रतिबद्धता इस पारंपरिक खेल के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है। यह प्रायोजन विश्व स्तरीय एथलीटों को विकसित करने और वैश्विक मंच पर खो-खो को बढ़ावा देने की हमारी क्षमता को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा।

श्रीनू बुगाथा, ठाकोर निरमाबेन मुंबई मैराथन में भारतीय एलीट खिताब बचाने को तैयार

मुंबई । श्रीनू बुगाथा और ठाकोर निरमाबेन भरतजी, जो कि क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग के मौजूदा चैंपियन हैं, 19 जनवरी को होने वाले मुंबई मैराथन 2025 के 20वें संस्करण के लिए सितारों से सजी भारतीय एलीट स्पर्धा में हिस्सा लेंगे। गोपी ने 2024 की नई दिल्ली मैराथन 2:14.40 में जीती और दूसरे स्थान पर रहने वाले आर्मी साथी बुगाथा को एक सेकंड से पीछे छोड़ा।

इस बीच, 2023 के संस्करण में तीसरे स्थान पर रहने वाले महाराष्ट्र के हिरावे ने हाल ही में वसई-विरार मेयर मैराथन जीतकर अपने मौजूदा फॉर्म को रेखांकित किया।

वर्ल्ड एथलेटिक्स गोल्ड लेबल रेस में 2023 एशियाई खेलों

के 10,000 मीटर रजत पदक विजेता कार्तिक कुमार भी शामिल होंगे, जो मुंबई में क्लासिक दूरी पर अपनी शुरूआत करेंगे। कार्तिक का सर्वश्रेष्ठ मैराथन समय 2:22:50 है, जो उन्होंने पिछले साल अक्टूबर में बेंगलुरु मैराथन में दर्ज किया था। इस दौड़ में युवा हर्षद म्हात्रे भी शामिल हैं, जो पिछले संस्करण में पांचवें स्थान पर रहे थे।

मौजूदा एशियाई मैराथन चैंपियन मान सिंह, दो बार के विजेता और तीन बार के उपविजेता ओलंपियन गोपी टी और 2024 संस्करण में चौथे स्थान पर रहने वाले अनुभवी कालिदास हिरावे पुरुषों की दौड़ में प्रमुख दावेदारों में शामिल हैं

2024 नई दिल्ली मैराथन में उपविजेता और विश्व 25के कोलकाता 2024 में चौथे स्थान पर रहीं निरमाबेन को महिलाओं की दौड़ में शीर्ष सम्मान के लिए सोनिका परमार और रीनू से चुनौती मिलेगी, जो क्रमशः 2024 कोल इंडिया रांची मैराथन की विजेता और उपविजेता हैं। इस प्रतियोगिता में आरती पाटिल भी शामिल हैं, जो 2023 के संस्करण में दूसरे स्थान पर रही थीं।

भारतीय एलीट पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष तीन फिनिशरों को 390,238 अमेरिकी डॉलर की कुल पुरस्कार राशि में से क्रमशः 5 लाख रुपये, 4 लाख रुपये और 3 लाख रुपये की पुरस्कार राशि मिलेगी।

11 जून से शुरू होगा वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल

लॉर्ड्स । दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया तीसरे वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में आमने-सामने होंगे। ऑस्ट्रेलिया ने सिडनी में भारत को हराकर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 3-1 से सीरीज जीतने के साथ ही फाइनल में जगह बनाई। यह मुकाबला 11 से 15 जून के बीच लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया के पास इस चक्र में अभी दो और मैच बचे हैं, जो इस महीने के अंत में श्रीलंका के खिलाफ श्रीलंका में होंगे। लेकिन अगर वे 0-2 से हार भी जाते हैं, तब भी भारत या श्रीलंका में से कोई भी टीम उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप टेबल के शीर्ष दो स्थानों से नहीं हटा सकेगी। अगर श्रीलंका 2-0 से यह सीरीज जीतता है, तो वह 53.85 प्रतिशत अंकों तक पहुंच सकता है। लेकिन ऑस्ट्रेलिया वर्तमान में 63.73 प्रतिशत अंक पर है और वह अगले दो मैच हार भी गया तो 57.02 प्रतिशत अंक पर रहेगा। वहीं

भारत इस डब्ल्यूटीसी चक्र को 50 प्रतिशत अंकों के साथ समाप्त कर चुका है। ऑस्ट्रेलिया के लिए फाइनल में जगह गंवाने का एकमात्र रास्ता यह है कि वे श्रीलंका में होने वाले दोनों मैचों में आठ पेनल्टी प्वाइंट गंवाएं, जो लगभग असंभव है।

दक्षिण अफ्रीका फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बनी थी। उन्होंने वेस्टइंडीज, बांग्लादेश (2008 के बाद एशिया में पहली सीरीज जीत) और श्रीलंका के खिलाफ सीरीज जीती, जबकि भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज ड्रॉ रही और न्यूजीलैंड में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, जहां उन्होंने कमजोर टीम के साथ दौरा किया था। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह बनाना दक्षिण अफ्रीका के लिए सपनों की तरह रहा, जो इस साल की शुरूआत में पुरुष और महिला टी20 वर्ल्ड कप में उपविजेता भी रहे थे।

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बवुमा ने पिछले हफ़्ते फाइनल में क्वालिफाई करने के बाद कहा, यह सभी के लिए एक बड़ी मेहनत का परिणाम है, और ऐसा लगता है कि पिछले 12 महीनों की कड़ी मेहनत रंग लाई है।

अलग-अलग मौकों पर अलग-अलग खिलाड़ियों ने अहम योगदान दिया है। मैं हमारे कोच शुकरी कॉनराड का विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं। उन्होंने हमारे अंदर जो विश्वास भरा है, वह हमारी सफलता की कुंजी रही है।

दिल्ली चुनाव में दिखेगी मंत्री नरेंद्र कश्यप की मेहनत

शीर्ष नेतृत्व ने बवाना में दी है महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

नई दिल्ली, करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनावो में स्टार प्रचारक की भूमिका निभा चुके हैं। तो वहीं अब वह दिल्ली में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए भी शीर्ष नेतृत्व द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को निभाने के लिए चुनावी मैदान में आ गए हैं। सोमवार को राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार नरेंद्र कश्यप जिला उत्तर पश्चिम विधानसभा बवाना में पहुंचे थे। यहां पार्टी द्वारा उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसको पूरा करने के लिए वह जुट गए हैं। जय भगवान यादव पार्षद के कार्यालय पर चुनावी बैठक समीक्षा व आगामी कार्यक्रमों को लेकर उन्होंने विस्तार से यहां रणनीति बनाई है।

दिल्ली की जनता प्रधानमंत्री मोदी के साथ : नरेंद्र कश्यप

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि दिल्ली की जनता हमेशा से नरेंद्र मोदी के साथ है और इस बार दिल्ली की जनता मन बन चुकी है कि विधानसभा चुनाव में भी कमल के फूल को खिलाना है। उन्होंने कहा है कि केजरीवाल द्वारा जिस तरीके से पीछे 10 सालों में दिल्ली का कोई भी विकास कार्य नहीं कराया गया है। तो वही दिल्ली सरकार का आगामी सरकार चलाने को लेकर कोई एजेंडा नहीं है। वहीं उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन बहुत व्यापक और स्पष्ट है।

दिल्ली में इस बार आएगी भाजपा सरकार

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए शीर्ष नेतृत्व द्वारा दी गई जिम्मेदारियां को निभाने के लिए चुनावी मैदान में आ गए हैं। उन्होंने कहा है कि वह अपने स्तर से कोई कमी नहीं छोड़ेंगे ताकि दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बने। उन्होंने कहा है कि देश की जनता जिस तरीके से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा रखती है, उसकी नजारा इस बार दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा है आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और अन्य दल केवल जनता के साथ विश्वास घात और धोखा कर रहे हैं।

चुनावी घोषणा से पहले ही भाजपा दिल्ली में हुई एक्टिव

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि भले अभी दिल्ली में चुनाव की घोषणा होना शेष है पर तारीख के ऐलान होने से पहले ही भारतीय जनता पार्टी के सांसद, विधायक , मंत्री और केंद्रीय स्तर के नेताओं ने जमीनी स्तर पर अपना काम करना शुरू कर दिया है। जिसका लाभ चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को अवश्य मिलेगा।

वो दस साला तो क्या दस महीने पुराने भाजपाई भी नही थे

फूल वाले भी यह देख कर हैरान है कि मडंल का प्रधान बनने के लिये घमासान मच गया है। लेकिन नई हवा की नई भाजपा का मुलाहिजा तब हो गया जब ध्वज प्रणाम वाले अलाने जी भाईसाहब ने मठ सरकार आने के बाद भाजपाई हुये एक सपाई को रूल बता दिये। सपाई ने ठहाका लगाया और कहा कि किस दुनिया में हो आप। कमल वालो की गंगा में तो बहुत पानी बह चुका। उसने एक सिरे से डिप्टी सीएम से लेकर राज्यमंत्री के नाम गिना दिये। अपनी टिप्स पर अपने लिप्स पर कई एमएलसी कई एमएलए गिना दिये। कहा कि ये सब के सब कौन से वरिष्ठ भाजपाई थे और वो यहीं पर नही थमा और कहा कि जो दस साल सासंद रहें और अब महामहिम हैं वो जब गाजियाबाद में चुनाव लड़ने आये थे तो वो दस साला तो छोड़ो दस महीने पुराने भाजपाई भी नही थे और जब उन्हे टिकट मिल सकता है तो मडंल के नाम पर ये दो बार की सक्रियता के तकमिन्ने मत काटो। जैसे एमपी एमएलए की रेवड़ी बांटी वैसे भी मडंल में भी बांटो। ये तो गलत बात है कि जो कल के आये हैं उन्हे तो सब कुछ बांटो और हम कुछ मांगे तो हमें डांटो।

पहली दीदी दूसरी दीदी तीसरी दीदी और अब चौथी दीदी

वैसे तो उस समाजवादी के भगवा समर्पण की दाद देनी होगी कि उसने अपना मान सम्मान सब कुछ अर्पण कर दिया मगर इन फूल वालों ने उसे भाजपाई ना माना। फिर उसने मौहल्ले वाली भगवा दीदी का दामन थामा। मेंबर दीदी उसकी आवाभगत से प्रसन्न हुई और उसे अपने साथ भगवा दफ्तर लेकर गई और पटका ओढ़ाई रस्म के बाद उसे भाजपाई घोषित करा कर लाई। इसके बाद साईकिल वाले भाजपाई ने अपनी स्पीड बढ़ाई और जनरली दीदी के यहां आना जाना शुरू किया। सेवा से वो दीदी भी खुश हुई और रेल वाले कोच का हैड बना दिया। साईकिल वाले भाजपाई के कदम ऐसे पड़े कि दीदी के कदमों ने ही गाजियाबाद छोड़ दिया और साईकिल वाले भाजपाई ने फिर मौहल्ला चुनाव में पूरा लगाव एक्स मेंबर दीदी के साथ दिखाया। मौहल्ले वाले बता रहे हैं कि साईकिल वाले दीदी ने अब चौथी दीदी के साथ पालिटिक्स करना शुरू किया है।

अगर हम थे बागी तो लखनऊ वालें क्यों हुयें थे राजी

मडंल वाले सीन में दावा करने का अधिकार सबको हैं और एप्लीकेशन लेने का काम पार्टी की तरफ से भेजे गये इलेक्शन आफिसर का। अब शोर ये मच रहा है कि नाम शार्ट लिस्ट हुये थे तब वो नाम भी छांटे गये जिन्होने पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। उन नामों पर भी कैंची चल गई जो भीतरघात यानि अंदरखाने पार्टी उम्मीदवार की काट कर रहे थे। बात जब भगवा बागी रह चुके और अब राजी भाजपाई के सामने चली तो उसने गहरी नाराजगी प्रकट की। उसने कहा कि अगर हम बागी ही थे तो सगंठन वाले ही बता दें कि लोकसभा चुनाव से पहले क्यों हमें वापिस लेने पर पार्टी राजी हुई थी। तब तो बड़े चेहरों को लगाकर सबको विदआऊट टर्म एंड कंडीशन रिर्टन टू भाजपा कराया गया था। अब मडंल में पद देने को लेकर नये नये रूल ला रहे हो और पुरानी बातों को तूल दे रहे हो। बागी ने कहा कि तुम कितनी हूल दे लो मगर हम किसी दबाव में नही आने वाले हैं। वापिसी हमें नारे लगाने के लिये नही की है लिहाजा पद तो मांगेगें ही मांगेगें।

चलती कार में लगी आग: ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान, फायर ब्रिगेड ने आधे घंटे में पाया काबू

नोएडा (करंट क्राइम)। ग्रेटर नोएडा के थाना दादरी क्षेत्र के ओमिक्रोन गोल चक्कर के पास अचानक चलती हुई कार में आग लगने का मामला सामने आया है। ड्राइवर ने आनन फानन में गाड़ी से उतरकर अपनी जान बचाई और दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पंहुचीं फायर ब्रिगेड व कर्मचारियों ने करीब 20 मिनट की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

ओमिक्रोन गोल चक्कर के पास कासना की ओर जा रही कीआ सेल्टोस (गाड़ी नं0 यूपी 16 सीवी 5297) में अचानक आग लग गई। घटना के समय कार चालक ने सतर्कता दिखाते हुए तुरंत गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। घटना की सूचना मिलते ही नोएडा फायर विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों ने एक गाड़ी की मदद से आग पर काबू पा लिया। हालांकि, आग के कारण कार पूरी

तरह जलकर खाक हो गई। फायर विभाग ने पुष्टि की कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। इस हादसे के बाद आसपास से गुजर रहे लोग सड़क पर ही इकट्ठा हो गए। फायर विभाग के अनुसार, उन्हें आग लगने की सूचना 13:41 बजे मिली थी, जिसके तुरंत बाद टीम मौके पर रवाना हो गई थी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

गुरु गोविंद सिंह महाराज जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया

गाजियाबाद, करंट क्राइम। सोममवार को बहुत से गुरुद्वारा साहिब में साहिबे कमाल दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह महाराज जी का प्रकाश पर्व बड़ी धूमधाम से संगत ने मनाया। गुरुद्वारों में जाकर गुरु जस गायन करके और रात को सभी गुरुद्वारा साहिब में लाइटिंग हुई है। सभी गुरुद्वारा साहिब को अलग-अलग तरीके की सुंदर लाइटों के द्वारा सजाया गया है। श्रद्धालु अपने घर पर भी दीपमाला करेंगे।

लाइटों के द्वारा और कैंडल जलाकर गुरु का पर्व मनाएंगे। पूरे शहर में एक विशाल नगर कीर्तन निकाला गया। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के द्वारा प्रकाश पर्व को लेकर आज गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में एक विशाल कीर्तन दरबार होने जा रहा है जिसमें बाहर से कीर्तनीय कीर्तन करने के लिए आ रहे हैं जो गुरु जस गायन करके गाजियाबाद की संगत को निहालो निहाल करेंगे।

गुरु इच्छा तक चलेगा लंगर

आज शाम 7:00 से लेकर रात 11:00 तक निरंतर प्रोग्राम जारी रहेगा और बाद में गुरु का अटूट लंगर चलता रहेगा गुरु इच्छा तक। गाजियाबाद की समूह साथ संगत जो गुरु नाम लेवा है गुरु साहब में अपनी आस्था रखती है। आप सब लोग गुरुद्वारा बजरिया सिंह सभा में पहुंचे हम सब मिलकर मनाएं यह पर उसे महान गुरु का है जिन्होंने अपना पूरा परिवार धर्म और देश की रक्षा के लिए कुर्बान कर दिया झुके नहीं सिख धर्म के अलावा हिंदू धर्म के लोग इस पिता के जन्मदिन को बहुत हर्ष उल्लास से हमेशा मानते हैं और ऐसे ही वर्षों तक मनाया जाता रहेगा जब तक सृष्टि है।

धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार

लोनी, करंट क्राइम। ट्रॉनिका सिटी थाना पुलिस ने धोखाधड़ी के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

एसीपी सुर्यवली मौर्य ने बताया कि प्रोपर्टी डीलर हिमांशु उर्फ अफजल उर्फ

अफसान ने भूखंड के फर्जी कागजात बनाकर दिल्ली के एक व्यक्ति को बेच दिया था तथा उससे तीन लाख 52 हजार रुपए हड़प लिए थे। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है जबकि उसके साथी फरार हैं।

चोरी के ई-रिक्शा के साथ दो चोर गिरफ्तार

लोनी, करंट क्राइम। थाना लोनी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो वाहन चोर चोरी किया गया ई रिक्शा के साथ गिरफ्तार जेल भेज दिया है। एसीपी सूर्यवली मौर्य ने बताया कि पुलिस चिरोड़ी रोड पर वाहन चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान ई-रिक्शा पर सवार दो व्यक्ति आए पुलिस ने उन्हें चेकिंग के लिए रोका लेकिन वह भागने का प्रयास करने लगे पर पुलिस ने कुछ ही दूर पर ई-रिक्शा को धर दबोचा। चेकिंग करने पर ई रिक्शा चोरी का निकला जो गाजियाबाद इंदिरापुरम से चुराया गया था।

पुलिस ने दोनों को ई रिक्शा के साथ गिरफ्तार लिया पूछताछ में दोनों ने बताया कि ई रिक्शा चुराया था अब इसे बेचने जा रहे थे। उन्होंने अपने नाम सोनू एवं आजाद निवासी झुग्गी झोपड़ी इंदरापुरम बताया पुलिस ने दोनों वाहन चोरों को जेल भेज दिया है।

टू-स्टारों के स्टाइलिश जूतों पर किसका जाएगा ध्यान

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में बड़ी संख्या में टू-स्टार हैं और नए टू-स्टारों भी अच्छी खासी तादाद में हैं। इन सबके बीच पुलिस विभाग में कहा जाता है कि अनुशासन और नियम कायदे कानून सभी को मान्य होते हैं। पुलिस विभाग में वैसे भी नियम नहीं मानने वालों पर कार्रवाई और फटकार लगाती है। तो वर्तमान में पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि लंबे समय से पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अपनी ट्रेनिंग पूरी करने वाली टू-स्टार अभी भी खाकी वाले रंग में नहीं रंग पाए हैं। सूत्रों से जानकारी मिली है कि अधिकांश टू-स्टार जूते के मामले में फेल नजर आते हैं। कोई स्टाइलिश लुक जूते पहन रहा है, तो कोई अपने लिए अलग से फीते लगवा रहे हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि लंबे समय से कोई ऐसा जांच अभियान और नियम अनुसार वर्दी ना पहनने वालों के खिलाफ कार्रवाई वाला एक्शन नहीं हुआ है, जिसकी वजह से पुलिसकर्मी अपने मनमर्जी की वर्दी और बूट पहन रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं की लाइन में चल रही परेड में भी अभी वर्दी और शूज को

लेकर कोई फटकार वाला सीन नहीं हुआ है। इसी के साथ कमिश्नरेट वाले सूत्रों का कहना है कि अभी वरिष्ठ अधिकारियों ने परेड का निरीक्षण नहीं किया है और पुलिसकर्मियों की ड्रेस और वेशभूषा को लेकर भी कोई जांच नहीं की गई है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है की लाइन में चलने वाली परेड के लिए सुबह और शाम दो आईपीएस अधिकारी परेड की कमान संभालने का काम कर रहे हैं। तो वहीं जिस बैटरी वाली जीप पर चीफ गेस्ट और पुलिस के अधिकारी से लेकर परेड कमांडर सवार होंगे, उसको भी साफ करने के साथ ही मरम्मत और रंग रोगन का काम शुरू हो गया है। पुलिस लाइन को भी धीरे-धीरे सजावट लाने का काम हो रहा है। पुलिस लाइन के मैदान से लेकर दीवारें और वहां लगे पिलर और अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि 26 जनवरी को परेड है। तो 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी और 24 जनवरी से पहले इसे फाइनल तैयार कर लिया जाएगा ताकि अतिथियों और परेड के दौरान किसी प्रकार की कमी ना रह जाए। बता दें कि पिछले वर्ष भी परेड के मैदान में कई अधिकारियों और कर्मचारियों को फटकार लगी थी। देखना होगा इस बार रिहर्सल और जांच से पहले क्या रिजल्ट सामने आते हैं।

दो अलग-अलग मामलों में मजदूर और महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

लोनी, करंट क्राइम। लोनी वार्डर थाने की कृष्णा विहार कॉलोनी में रविवार रात विनोद 50 ने प्लास्टिक की निवाड़ से गले में फंदा लगाकर छत में लगे कुंदे से लटकर आत्महत्या कर ली। वह मजदूरी करता था। जबकि सोमवार सुबह ग्रह क्लेश के चलते वार्डर थाना क्षेत्र की ही राहुल गार्डन कॉलोनी में कंचन कुमारी 31 ने साड़ी का फंदा गले में लगाकर कमरे की छत में लगे पंखे से लटकर जीवन लीला समाप्त कर ली। उसकी पांच वर्ष पूर्व शादी हुई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में दो लोगों को पिस्टल कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

लोनी, करंट क्राइम। लोनी बॉर्डर थाना पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान संदिग्ध अवस्था मे दो लोगों को पिस्टल कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। दोनों व्यक्ति शातिर किस्म के थे तथा किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में खड़े थे। पुलिस टीम ने जैसे ही उन्हें देखा तो वह दोनों व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगे पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। कड़ी पूछताछ की गई तो वह दोनों छटपटा गए। तलाशी लेने पर उनसे एक पिस्टल तीन जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम जय कुमार उर्फ अनुज एवं करन निवासी शिव

विहार करावल नगर दिल्ली बताए पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

फैक्ट्री का लेंटर तोड़ते समय चार मजदूर घायल

लोनी, करंट क्राइम। खंडहर फैक्ट्री का लेंटर तोड़ते समय पूरा लेंटर ढह गया जिसमें चार मजदूर चोटिल हो गए। तीन का पास के नर्सिंग होम में उपचार कराया गया है। एक को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहां उसकी हालत में सुधार बताया जा रहा है। लोनी वार्डर थाने की कृष्णा विहार कॉलोनी में शाहदरा दिल्ली निवासी लखिंदर सिंह ने एक पुरानी खंडहर फैक्ट्री खरीदी थी। जिसको तुडवाने का ठेका उसने विनोद यादव को दिया हुआ है। सोमवार को विनोद यादव ने फैक्ट्री के पुराने लेंटर को तुड़वाने के लिए पांच मजदूर लगाए हुए थे। जिनमें से एक मजदूर दूर खड़ा था। जबकि अमित कुमार 19, मनोज 22, बावुल 23 तथा नरसिंह 45, छत पर काम कर रहे थे। इसी दौरान सुबह साढे दस बजे लेंटर गिर गया और चारो मजदूर उसके नीचे गिर गए और चोटिल हो गए। आसपास के लोगों ने उन्हे बाहर निकाला तथा पास के नर्सिंग होंम में भर्ती कराया वहां उपचार के बाद तीन को छुट्टी दे गई। जबकि नरसिंह को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहां उसकी हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है। बताया जा रहा है उसे छुट्टी मिल गई है।

बैंककर्मी बनकर युवक से साइबर ठगी

हापुड़ (करंट क्राइम)। एक युवक से बैंक अधिकारी बनकर साइबर ठगों ने एक लाख 98 हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित युवक ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पिलखुवा कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए मोहल्ला गढ़ी के सुधांशु ने बताया 5 फरवरी 2024 की शाम को उनके मोबाइल नंबर पर एक अंजान नंबर से कॉल आया। कॉल पर बात करने वाले अंजान व्यक्ति ने अपना नाम विकास तिवारी बताकर खुद को एक बैंक का अधिकारी बताया। आरोपी ने कार्ड सुरक्षा योजना हटाने के बारे में बातचीत की।

लिंक भेजकर उड़ाए रुपए

पीड़ित ने बताया कि उनके फोन पर एक लिंक भेजा गया और डळढ डालने के लिए बोला गया था। ओटीपी डालते ही बैंक खाते से 1 लाख 98

कार्ड सुरक्षा योजना के झांसे में खाते से उड़ाए 1.98 लाख रुपए, एफआईआर दर्ज

हजार रुपए निकलने का मैसेज आया, जिसके बाद बैंक में जाकर जानकारी की तो ठगी की घटना के बारे में पता चला था। पीड़ित युवक ने साइबर हेल्पलाइन पर कॉल कर पूरी जानकारी दी। इसके बाद थाने पहुंचकर मामले में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग है की है। कोतवाली प्रभारी रघुराज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही ठगों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

धर्मांतरण करने का दबाव बनाने का आरोप

मामूली बात पर पड़ोसियों में हुआ विवाद, दोनों पक्षों में हुई मारपीट

मोदीनगर(करंट क्राइम)। मोदीनगर में थानाक्षेत्र के गांव शाहजहांपुर में गली में रास्ते में आग जलाने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जबरन धर्मांतरण कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर थाने पर प्रदर्शन भी किया।

गांव शाहजहांपुर में सुदेश और एक महिला का मकान आसपास है। रात को सुदेश रास्ते पर आग जलाकर परिवार सहित अलाव ताप रहे थे। इस बात को लेकर सुदेश और महिला पक्ष के बीच विवाद हो गया।

सुदेश का आरोप है कि महिला काफी समय से धर्मांतरण करने का दबाव बना रहीं हैं। उनका आरोप है कि महिला अपने परिवार का धर्मांतरण

करा चुकी है। अब वह मेरे पर धर्मांतरण करने का दबाव बना रही थी। धर्मांतरण करने से इंकार करने पर अक्सर मारपीट और झगड़ा करती है। रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर रविवार को हिंदू संगठन के कार्यकताओं ने मोदीनगर थाने पर प्रदर्शन किया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय का कहना है कि आग जलाने को लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई थी। धर्मांतरण का कोई मामला नहीं है।

तुर्बत में पाकिस्तानी सेना के काफिले पर आत्मघाती हमला

47 सुरक्षाकर्मियों की मौत, 30 से ज्यादा घायल

बलूचिस्तान । पाकिस्तान से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां शनिवार को बलूचिस्तान के तुर्बत के पास पाकिस्तानी सेना के काफिले पर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के मजीद ब्रिगेड ने आत्मगाती हमला किया। इस हमले में 47 सुरक्षाकर्मी की मौत होने की खबर सामने आ रही है। वहीं 30 से ज्यादा के घायल होने की बात कही जा रही है। बता दें कि पाकिस्तानी सेना के काफीले पर ये हमला तुर्बत शहर से लगभग आठ किलोमीटर दूर बेहमान क्षेत्र में शाम 5:45 बजे (स्थानीय समय) हुआ।

13 वाहनों पर किया गया हमला

इस हमले को लेकर बीएलए के प्रवक्ता जीयंद बलूच ने बताया कि हमला 13 वाहनों के काफिले पर किया गया, जिसमें पांच बसें और सात सैन्य वाहन शामिल थे। उन्होंने बताया कि ये वाहन कराची से तुर्बत स्थित फ्रंटियर कोर (एफसी) मुख्यालय जा रहे थे। काफिले में एफसी के विभिन्न विंग्स के कर्मी और एक सेवानिवृत्त सेना कप्तान भी शामिल थे, जो अब पुलिस अधिकारी के रूप में काम कर रहे थे। बीएलए का दावा हमले को लेकर बीएलए ने दावा किया कि हमले में एक बस पूरी तरह से नष्ट हो गई, जबकि अन्य बसें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं और एक सैन्य वाहन विस्फोट में नष्ट हो गया। उन्होंने बताया कि यह हमला उनकी खुफिया जानकारी जीराब की मदद से समन्वित किया गया था।

साथ ही बीएलए ने कहा कि इस हमले की सफलता उसकी खुफिया जानकारी और आत्मघाती हमलावरों के बलिदान को दशार्ती है। उनका कहना था कि यह हमला पाकिस्तान को यह संदेश देता है कि बलूचिस्तान की जमीन कभी भी कब्जे वाले राज्य के लिए सुरक्षित नहीं होगी।

बीएलए ने पाकिस्तानी सेना पर लगाए आरोप

बीएलए ने पाकिस्तानी सेना पर बलूच लोगों को प्रताड़ित करने और कई लोगों को जबरन गायब करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने परिवहन मालिकों को चेतावनी दी कि वे कब्जे वाली सेना के लिए वाहनों की सुविधा न दें और अगर ऐसा किया तो वे उन वाहनों को जलाने की धमकी दी।

हमले को लेकर बीएलए ने यह भी कहा कि बलूचिस्तान के राजमार्ग सेना, राज्य एजेंटों और निवेशकों के लिए असुरक्षित रहेंगे। इस दौरान अधिकारियों ने पहले बताया था ।

भारतीय सीमा पर 1.18 लाख करोड़ का बांध चीन बोला- जल प्रवाह से जुड़ी चिंता बेबुनियाद

बीजिंग । चीन ने तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर दुनिया का सबसे बड़ा बांध बनाने की अपनी योजना का एक बार फिर बचाव किया। उसने सोमवार को कहा कि इस परियोजना का वैज्ञानिक रूप से बहुत गहन अध्ययन किया गया है। इससे भारत और बांग्लादेश जैसे निचले देशों पर कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा।

137 अरब डॉलर की परियोजना

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने 137 अरब डॉलर यानी 1.18 लाख करोड़ की अनुमानित लागत वाली इस विशाल परियोजना पर आशंकाओं को खारिज किया। यह परियोजना पारिस्थितिक रूप से बेहद नाजुक हिमालयी क्षेत्र में बनाई जा रही है, जो टेक्टोनिक प्लेट सीमा पर स्थित है, जहां अक्सर भूकंप आते रहते हैं।

उन्होंने कहा कि यारलुंग जांगबो नदी पर बनने वाली यह जल विद्युत परियोजना पर्यावरण, भूगोल और जल संसाधनों पर कोई बुरा असर नहीं डालेगी। इसके बजाय, यह निचले क्षेत्रों में आपदा प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन का सामना करने में मददगार साबित होगी।

बता दें, ह्यारलुंग जांगबोह्न ब्रह्मपुत्र का तिब्बती नाम है। बांध हिमालय की एक विशाल घाटी में बनाया जाएगा, जहां ब्रह्मपुत्र नदी अरुणाचल प्रदेश और फिर बड़ा मोड़ लेते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है।

चीन ने 2015 में तिब्बत में सबसे बड़े, 1.5 अरब डॉलर के जम जलविद्युत स्टेशन को पहले ही चालू कर दिया है।

ब्रह्मपुत्र पर बांध के निर्माण की योजना को लेकर भारत में चिंताएं पैदा हो गई हैं क्योंकि बांध के आकार और पैमाने के कारण चीन को जल प्रवाह को नियंत्रित करने का अधिकार मिलने के अलावा, यह तनातनी के समय सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ लाने के लिए बड़ी मात्रा में पानी छोड़ने में भी सक्षम हो सकता है। भारत ने हाल ही में जताई थी ।

बुद्धा एयरलाइन के विमान के इंजन में लगी आग, काठमांडू में कराई गई आपात लैंडिंग, सभी यात्री सुरक्षित

काठमांडू । नेपाल की बुद्धा एयरलाइंस के एक विमान के बाएं इंजन में आग लग गई। इसके बाद काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। विमान में चालक दल के सदस्यों समेत 76 यात्री सवार थे।

त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने एक बयान जारी करके इस आपात लैंडिंग के संबंध में जानकारी दी। उसने बताया कि विमान ने वीओआर लैंडिंग की और सुरक्षित हवाईअड्डे पर लौट आया। फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

वीओआर लैंडिंग पायलट्स द्वारा ग्राउंड-बेस्ड रेडियो स्टेशन जिसे वीओआर (वेरी हाई फ्रीक्वेंसी ऑम्निडायरेक्शनल रेंज) कहा जाता है, से सिग्नल का उपयोग करके हवाई जहाज को नेविगेट करने और लैंड करने का एक तरीका है। इमरजेंसी लैंडिंग का यह तरीका पायलट्स को रनवे के साथ हवाई जहाज को एक सीध में लाने में मदद करता है, जब अंधेरा होने, धुंध या बारिश की वजह से उन्हें रनवे स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं पड़ता।

सुरक्षित हैं।

चंद्रगड़ी जा रही थी उड़ान

चंद्रगड़ी जा रही उड़ान संख्या बीएचए 953 ने स्थानीय समयानुसार सुबह 10 बजकर 37 मिनट पर उड़ान भरी। उड़ान भरने के कुछ समय बाद ही बाएं इंजन में आग लग गई। सुबह सवा 11 बजे इसकी त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर वीओआर लैंडिंग की गई। विमान में सवार सभी 72 यात्री और चार क्रू मेंबर पूरी तरह

टीम कर रही विमान की जांच

बुद्धा एयरलाइन ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, 'काठमांडू से भद्रापुर जाने वाली उड़ान संख्या 953 के दाहिने इंजन में तकनीकी समस्या के बाद काठमांडू वापस मोड़ दिया गया। विमान ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सवा 11 बजे सुरक्षित लैंडिंग की। हमारी तकनीकी टीम वर्तमान में विमान का निरीक्षण कर रही है।

मालदीव के राष्ट्रपति से भारतीय उच्चायुक्त ने की मुलाकात, संबंधों को मजबूत करने पर हुई बात

माले । मालदीव में भारत के नवनियुक्त उच्चायुक्त जी बालासुब्रमण्यम ने सोमवार को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को परिचय दिया। साथ ही दोनों देशों ने विकास सहयोग, विभिन्न क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की।

बाला सुब्रमण्यम 1998 बैच के आईएफएस अफसर हैं। उन्होंने मालदीव में भारत के उच्चायुक्त के तौर पर मनु महावर का स्थान लिया है। महावर का कार्यकाल पिछले वर्ष नवंबर में समाप्त हो गया था। मालदीव में भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि उच्चायुक्त जी बालासुब्रमण्यम ने मालदीव के राष्ट्रपति महामहिम मोहम्मद मुइज्जू को अपने परिचय पत्र प्रस्तुत किए। साथ ही प्राकृतिक साझेदार होने के नाते भारत और मालदीव के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने पर चर्चा की।

राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के कार्यालय ने कहा कि भारतीय उच्चायुक्त के परिचय पत्र को राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया तथा मालदीव में भारत के उच्चायुक्त के रूप में उनका स्वागत किया।

बैठक के दौरान भारतीय उच्चायुक्त ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर की ओर से राष्ट्रपति मुइज्जू को शुभकामनाएं दीं।

राष्ट्रपति कार्यालय के बयान में कहा गया कि राष्ट्रपति और उच्चायुक्त ने विकास सहयोग बढ़ाने, मालदीव में भारत सरकार की परियोजनाओं, विभिन्न क्षेत्रों में निवेश बढ़ाने और लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की गई। इससे पहले उच्चायुक्त को मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) के ड्रम और ट्रम्पेट बैंड के साथ हैयकोल्हू नामक सांस्कृतिक जुलूस के साथ रिपब्लिक स्क्वायर से राष्ट्रपति कार्यालय तक ले जाया गया। मुइज्जू की सरकार आने के बाद से खराब हो गए थे ।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जल्द दे सकते हैं इस्तीफा : सूत्र

ओटावा । कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो जल्द ही लिबरल पार्टी के नेता पद से इस्तीफा दे सकते हैं। कनाडा के समाचारपत्र द ग्लोब एंड मेल ने रविवार को अपनी रिपोर्ट्स में ऐसा दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार, जस्टिन ट्रूडो अगले एक या दो दिनों के भीतर पद छोड़ सकते हैं। दरअसल ट्रूडो की लोकप्रियता में हाल के समय में भारी गिरावट आई है और उन्हें पार्टी के भीतर भी विरोध झेलना पड़ रहा है। विभिन्न सर्वे में दावा किया गया है कि आगामी चुनाव में पिएरे पोलिएवरे के नेतृत्व वाली कंजर्वेटिव पार्टी सत्ता में आ सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अभी ये तय नहीं है कि ट्रूडो कब इस्तीफा देंगे, लेकिन माना जा रहा है कि बुधवार को होने वाली राष्ट्रीय कॉकस बैठक से पहले ट्रूडो अपना पद छोड़ सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, जस्टिस ट्रूडो को सत्ताधारी लिबरल पार्टी के नेता के पद से भी हटाने पर विचार किया जा रहा है।

अभी ये साफ नहीं है कि ट्रूडो इस्तीफे के बाद तुरंत पद छोड़ देंगे या फिर नए नेता की नियुक्ति तक पद पर बने रहेंगे। जस्टिस ट्रूडो बीते एक दशक से कनाडा की सत्ता पर काबिज हैं, लेकिन बीते कुछ समय में उनकी लोकप्रियता में भारी गिरावट आई है। ट्रूडो की सहयोगी पार्टी और जगमीत सिंह के नेतृत्व वाली एनडीपी ने बीते दिनों ट्रूडो सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। एक हालिया सर्वे में दावा किया गया कि 73 प्रतिशत कनाडा के नागरिक चाहते हैं कि ट्रूडो प्रधानमंत्री और लिबरल पार्टी के नेता के पद से इस्तीफा दें। इनमें 43 प्रतिशत लिबरल मतदाता भी शामिल हैं।

मेलोनी ने यूरोप में तूफान ला दिया है

डोनाल्ड ट्रंप ने इतालवी पीएम के सम्मान में कही यह बात

नई दिल्ली । अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी की प्रशंसा की। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने उन्हें 'शानदार महिला' बताया। कहा कि उन्होंने 'यूरोप में तूफान ला दिया है'। 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति का पद ग्रहण करने से पहले मेलोनी फ्लोरिडा के पाम बीच में उनके मार-ए-लागो निवास पर मुलाकात के लिए पहुंची थीं।

डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मेलोनी का स्वागत करते हुए अपने निवास पर मौजूद लोगों से कहा, 'यह बहुत रोमांचक है। मैं यहां एक शानदार महिला, इटली की प्रधानमंत्री के साथ हूं। उन्होंने वास्तव में यूरोप में तूफान ला दिया है।'

ट्रंप-मेलोनी की मुलाकात के दौरान ये रहे मौजूद

ट्रंप और मेलोनी के साथ उनके राज्य सचिव और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पद के लिए नामित सीनेटर मार्को रुबियो (आर-फ्लोरिडा) और प्रतिनिधि माइक वाल्ट्ज (आर-फ्लोरिडा) भी मौजूद थे

अक्तूबर 2022 में इटली की प्रधानमंत्री बनीं मेलोनी

मेलोनी, जो राइट-विंग ब्रदर्स ऑफ इटली पार्टी की सदस्य हैं, अक्तूबर 2022 में प्रधानमंत्री बनीं। सीएनएन के अनुसार, मेलोनी आने वाले ट्रंप प्रशासन के लिए एक स्वाभाविक सहयोगी बन सकती हैं, खासकर जब यूरोप में फ्रांस और जर्मनी जैसी शक्तियों को राजनीतिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

मेलोनी ट्रंप के सहयोगी एलन मस्क के साथ उनके संबंधों के लिए जानी जाती हैं। हालांकि, बैठक के विवरण का खुलासा नहीं किया गया है।

हालांकि इतालवी नेता, अन्य लोगों की तरह, 20 जनवरी को अपने शपथ ग्रहण से पहले राष्ट्रपति-चुनाव के साथ संबंधों को मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। पिछले महीने इतालवी पत्रकार साला को ईरान में किया गया था गिरफ्तार ऐसा कहा जा रहा है कि एजेंडे का संभावित विषय इटली की पत्रकार सेसिलिया साला की हिरासत हो सकती है, जिन्हें पिछले महीने ईरान में गिरफ्तार किया गया था। इतालवी विदेश मंत्रालय ने साला की हिरासत की पुष्टि की थी इटली के विदेश मंत्रालय ने बीते शुक्रवार को पुष्टि की थी ।

यून सुक योल की गिरफ्तारी के लिए जांचकताओं ने मांगी पुलिस से मदद

सियोल । दक्षिण कोरिया में राजनीतिक संकट लगातार गहरा रहा है और अब महाभियोग का सामना कर रहे राष्ट्रपति यून सुक योल को गिरफ्तार करना जांचकताओं के लिए टेढ़ी खीर बन गया है। यून सुक योल की गिरफ्तारी का विरोध होने के बाद जांचकताओं ने पुलिस से मदद मांगी है। शुक्रवार को जब जांचकर्ता यून सुक योल को गिरफ्तार करने पहुंचे तो यून सुक योल के सुरक्षाकर्मी उनसे भिड़ गए थे। इससे पहले गुरुवार को यून सुक योल के समर्थकों ने जांचकताओं को आवास में घुसने नहीं दिया था।

बर्फबारी-कड़ाके की ठंड और तूफान

अमेरिका में टूट सकता है एक दशक का रिकॉर्ड

वॉशिंगटन । अमेरिका में कड़ाके की ठंड, बर्फबारी और जबरदस्त शीतकालीन तूफान को लेकर अधिकांश हिस्सों में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। अनुमानतः आने वाला ये तूफान अमेरिका के एक दशक में आए सबसे बड़े तूफान होने की संभावना है। राष्ट्रीय मौसम सेवा के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार यह तूफान संयुक्त राज्य अमेरिका के मध्य हिस्से से शुरू होकर अगले कुछ दिनों में पूर्वी हिस्से तक पहुंचेगा।

साथ ही इस तूफान के कारण पश्चिमी कैनसस से लेकर मैरीलैंड, डेलावेयर और वर्जीनिया के तटीय राज्यों में शीतकालीन तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इसको लेकर एनडब्ल्यूएस ने कहा है कि यह तूफान एक दशक में सबसे भारी बर्फबारी का कारण बन सकता है।

तूफान की चेतावनी को लेकर कैनसस सिटी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तेज बर्फबारी के कारण उड़ान संचालन बंद कर दिया गया था। इसको लेकर एनडब्ल्यूएस ने कहा कि बर्फबारी के कारण सड़कों पर यात्रा बेहद खतरनाक हो सकती है

बता दें कि इस तूफान का कारण आर्कटिक से आने वाली ठंडी हवा बताई जा रही है है।

मैक्सिको के बार में फिर से गोलीबारी सात लोगों की मौत

विलेहरमोसा । दक्षिणी पूर्वी मैक्सिको के विलेहरमोसा शहर के एक बार में फिर से गोलीबारी हुई। इसमें सात लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि बार में गोलीबारी करने वाले

अपराधियों की तलाश की जा रही है। विलेहरमोसा के बार में नवंबर 2024 में भी गोलीबारी हुई थी। इसमें छह लोगों की मौत हो गई थी। गुप्त रूप से चल रहा था बार अधिकारियों ने बताया कि बंदूकधारियो ने ला कैसीटा अजुल बार में घुसकर ग्राहकों पर गोलियां चला दीं। इसके बाद सात लोगों की मौत हो गई। इस बार को गुप्त रूप से चलाया जा रहा था। अफसरों का कहना है कि सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

अमेरिका में भारतीय की हत्या में पांच भारतवंशियों पर आरोप तय

वॉशिंगटन । अमेरिका में एक भारतीय की हत्या के मामले में पांच भारतवंशियों पर आरोप तय किए गए हैं। 35 वर्षीय कुलदीप कुमार की हत्या के मामले में साउथ ओजोन पार्क, न्यूयॉर्क के निवासी संदीप कुमार (34 वर्षीय) पर हत्या और हत्या की साजिश रचने का आरोप लगा है। जांच के दौरान पता चला कि संदीप ने चार अन्य भारतवंशियों के साथ मिलकर कुलदीप की हत्या की। कुलदीप का शव 22 अक्तूबर 2024 को मैनचेस्टर टाउनशिप इलाके में बरामद हुआ था।

पांच भारतवंशियों पर तय हुए आरोप

ओसीन काउंटी के अभियोजक ब्रैडली बिल्हिमर और न्यूजर्सी के स्टेट पुलिस कर्नल पैट्रिक काल्हन ने बताया कि अन्य आरोपियों में सौरव कुमार (23 वर्षीय), गौरव सिंह (27 वर्षीय), निर्मल सिंह (30 वर्षीय) गुरदीप सिंह (22 वर्षीय) शामिल हैं। ये सभी लोग इंडियाना के ग्रीनवुड के निवासी हैं। जांच अधिकारियों ने

पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि कुलदीप की कई गोली मारकर हत्या की गई थी। कुलदीप के परिजनों ने 26 अक्तूबर 2024 को उसके लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी

बताया कि ओसीन काउंटी पुलिस को 14 दिसंबर 2024 को सूचना मिली थी कि मैनचेस्टर टाउनशिप में ग्रीनवुड वाइल्डलाइफ मैनेजमेंट इलाके में एक शव बरामद हुआ है। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो शव सड़ी-गली हालत में था। जांच में पता चला कि शव भारतीय युवक कुलदीप कुमार का है।

इस मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सौरव के साथ अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल सभी आरोपी जेल में बंद हैं।

रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम का सफल और शानदार रहा उद्घाटन समारोह

कार्यक्रम को सफल बनाने में गाजियाबाद नगर निगम की अहम भूमिका

अतिथियों का आगमन हो या फिर त्योहार सम्मान के साथ व्यवस्था में रहता है विभाग : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

गाजियाबाद, करंट क्राइम। रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम का उद्घाटन प्रधानमंत्री द्वारा किया गया। व्यवस्था में सभी अधिकारी तथा टीम रही गाजियाबाद नगर निगम लगातार कार्यक्रम से पहले तथा कार्यक्रम के बाद भी व्यवस्था में जुटा दिखाई दिया। मोहन नगर तिराहे से लेकर यूपी गेट तक गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों ने व्यवस्थाओं को संभाले रखा। नियमित होने वाले कार्यों के साथ-साथ अन्य कार्यों को भी आवश्यकता को देखते हुए तत्काल प्रभाव से कराया गया जो की सराहनीय है। निर्माण विभाग मरम्मत के कार्य डेंट पेंट के कार्य, जलकल विभाग नियमित पानी का छिड़काव का कार्य, प्रकाश विभाग द्वारा मार्ग को सुंदर लाइटों से सजाया गया तथा नियमित लाइटों को व्यवस्थित करने के कार्य को रफ्तार दी गई। इसी के साथ-साथ उद्यान विभाग द्वारा भी नियमित ग्रीन बेल्ट सेंट्रल वर्ज के कार्यों पर विशेष बल देते हुए ग्रीनरी को बढ़ाया गया तथा निर्धारित रूट पर रंग बिरंगी फूल गमले में अन्य कार्य कराए गए स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित सफाई के साथ-साथ अन्य सफाई व्यवस्था को भी सुदृढ़ किया गया।

"गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग रैपिड रेल मैनेजमेंट सिस्टम के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर रात-दिन व्यवस्था में दिखाई दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में गाजियाबाद नगर निगम की अहम भूमिका रही। तस्वीरें गवाह हैं कि नगर आयुक्त खुद भी मॉनिटरिंग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्टिव दिखाई दिए।

गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम विभाग नियमित कार्य तो शहर हित में कर ही रहे हैं इसके अलावा देखने में आया है अतिथियों का आगमन हो या त्योहार शहर के सम्मान में गाजियाबाद नगर निगम के अधिकारी व्यवस्था में बने रहते हैं। रैपिड रेल मैनेजमेंट सिस्टम के उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर गाजियाबाद नगर निगम के सभी विभाग रात-दिन व्यवस्था में दिखाई दिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में गाजियाबाद नगर निगम की अहम भूमिका रही।

शहर के सम्मान में आयोजित कोई भी कार्यक्रम सफलता तथा शानदार तरीके से संपन्न हो निगम की अहम भूमिका दिखाई देती है लगातार नगर आयुक्त खुद भी मॉनिटरिंग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में दिखाई दिए कार्यक्रम के उपरांत नगर आयुक्त द्वारा सभी विभाग के अधिकारियों को मोटिवेट भी किया गया तथा शहर हित में लगातार इसी प्रकार कार्य करने के लिए दिन-रात मेहनत करें निर्देशित किया गया।

जीडीए के कैंप में मेंटेनेंस चार्ज जमा कराएं

मनचाही स्कीम में पाएं आशियाना

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा विभिन्न योजनाओं में अनावंटित फ्लैटों को पहले आओ, पहले पाओ योजना में शामिल किया गया है। इस योजना से अब तक गाजियाबाद में सैकड़ों लोगों की आशियाने की तलाश पूरी हो चुकी है। चाहें तो आप भी ऐसा कर सकते हैं। इसके लिए जीडीए विभिन्न योजनाओं में कैंप का आयोजन कर लोगों को घर के नजदीक जानकारी उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहा है। फिलहाल जीडीए का कैंप इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना में शुरू हुआ है। कैंप में मेंटेनेंस चार्ज जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध है।

लोक संवाद के जरिए समस्या का निवारण कराएं

जीडीए वीसी अतुल वत्स ने बताया कि इंद्रप्रस्थ योजना में लगाए गए कैंप के जरिए जीडीए आवंटियों के सीधा संवाद स्थापित कर रहा है ताकि आवंटियों की समस्या का निराकरण मौके पर ही कराने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह बहुउद्देश्यीय सोमवार से शुरू हो चुका है। कैंप में आवंटी जहां अपना बकाया मेंटेनेंस चार्ज जमा कर सकते हैं वहीं पहले आओ, पहले पाओह्व योजना के तहत विभिन्न योजना में उपलब्ध फ्लैटों की जानकारी प्राप्त करने के साथ मौके पर ही बुकिंग भी कर सकते हैं।

लाउड स्पीकर से दी जा रही जानकारी

इंद्रप्रस्थ आवासीय योजना में शुरू किए गए कैंप की जानकारी हर घर तक पहुंचाने के लिए योजना और आसपास के क्षेत्र में लाउड स्पीकर के जरिए लगातार एनाउंसमेंट की जा रही है ताकि अधिक से अधिक लोग कैंप का लाभ उठा सकें और छोटी परेशानियों के लिए उन्हें गाजियाबाद विकास प्राधिकरण तक न जाना पड़े। कैंप के माध्यम से नागरिकों को सुविधा प्रदान करते हुए, जीडीए जनता से सीधा लोक संवाद स्थापित कर योजना से जुड़े हर प्रश्न और समस्या का समाधान करने के प्रयास में जुटा है।

सीवर लाइन का काम तेज करने के निर्देश

इसके अलावा जीडीए के मुख्य अभियंता ने मावी चौक से जल निगम के मेन होल नंबर 78 तक सीवर लाइन डालने के कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने कार्य की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान चीफ इंजीनियर ने काम में तेजी लाने और गुणवत्ता बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण में मुख्य अभियंता के साथ संबंधित अधिकारी और संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित रहे।

यूपी स्टेट मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप

बनारस में गाजियाबाद का दबदबा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। 33वीं उत्तर प्रदेश मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 4 में 5 दिसंबर बनारस उत्तर प्रदेश में हुई, जिसमें गाजियाबाद के 7 खिलाड़ियों ने भाग लिया। गाजियाबाद के खिलाड़ियों ने 9 गोल्ड, 9 सिल्वर, 2 ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त किए। लखीराम चौधरी ने 4 मेडल, अजय प्रमुख ने 3 मेडल, वीरेंद्र कुमार रजापुर ने 3 मेडल, महिपाल सिंह अटौर ने 3 मेडल, देव कुमार रजापुर के 3 मेडल, नरेश कुमार गाजियाबाद ने 2 मेडल, प्रवीण चौधरी तिबडा ने 2 मेडल प्राप्त करके गाजियाबाद जिले का नाम रोशन किया। उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी 400.100 रिले दौड़ मे गोल्ड मेडल, 5000 मीटर रेस वॉक मे सिल्वर मेडल, 200 मीटर दौड़ मे ब्रोंज मेडल प्राप्त क्या।

वैशाली के वार्ड 89 के पार्षद राजकुमार भाटी के पिता के निधन पर शोक

पिता प्रेम की भरपाई करना असंभव : करंट क्राइम परिवार दुख की घड़ी में दैनिक करंट क्राइम परिवार भाटी परिवार के साथ

साहिबाबाद (करंट क्राइम)। वैशाली के वार्ड संख्या 89 के पार्षद राजकुमार भाटी के पिता देवी सिंह का निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र- एक पुत्री समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार ग्राम मुरादगढ़ी रबूपुरा जेवर श्मशान घाट पर किया गया। उनके निधन की जानकारी मिलते ही काफी संख्या में लोग शोक जताने के लिए शोकाकुल परिवार के घर पहुंच गए। पार्षद राजकुमार भाटी का कहना है कि हमारे पूजनीय पिताजी देवी सिंह हमारे बीच नहीं रहे। उनका 2 महीने से अस्पताल में उपचार चल रहा था, पिताजी बहुत बहादुर थे। उनका निधन रविवार की रात को दिल्ली के फोर्टिस एस्कॉर्ट हॉस्पिटल में हुआ। इस दुख की घड़ी में दैनिक करंट क्राइम परिवार भाटी परिवार के साथ खड़ा है।

दूषित पेयजल आपूर्ति पर परिषद सख्त, बिल्डर को नोटिस

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बिल्डरों की मनमानी चल रही है। राजनगर एक्सटेंशन की कई सोसायटियों में पानी के नमूने फेल होने के बाद सिद्धार्थ विहार का भी यही हाल सामने आया है। सिद्धार्थ विहार की गौर सिद्धार्थम सोसायटी से स्वास्थ्य विभाग ने पानी के 11 नमूने लिए थे। सभी की गुणवत्ता खराब पाई गइ है। सारे नमूने जांच में फेल हो गए। नमूने फेल होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले से आवास एवं विकास परिषद को अवगत कराया है। आवास एवं विकास परिषद ने मामले में बिल्डर को नोटिस जारी कर चेतावनी दी है कि सोसायटी में संक्रमण फैला तो बिल्डर की जिम्मेदारी होगी।

संक्रमण फैलने पर कार्रवाई की चेतावनी

आवास एवं विकास परिषद के अधिशासी अभियंता विकास गौतम ने बताया कि मेंटेनेंस का काम खुद बिल्डर के द्वारा देखा जा रहा है, ऐसे में बिल्डर की जिम्मेदारी बनती है सोसायटी के लोगों पीने के शुद्ध पानी मिले। यदि दूषित पानी की सप्लाई होने से सोसायटी में किसी प्रकार का का संक्रमण फैलता है तो उसके लिए



बिल्डर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। अधिशासी अभियंता ने बताया कि शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए बिल्डर को नोटिस जारी किया गया है। बिल्डर सोसायटी में रह रहे लोगों साफ पानी उपलब्ध कराए।

बिल्डर पर परिषद के 350 करोड़ बकाया

अधिशासी अभियंता विकास गौतम ने बताया कि सिद्धार्थ विहार की गौर सिद्धार्थम सोसायटी पर आवास एवं विकास परिषद का करीब 350 करोड़ रुपया बकाया है। पैसा न जमा कराए जाने तक बायर्स को रजिस्ट्री पर रोक लगाई गई लेकिन बिल्डर चोरी छिपे रजिस्ट्री कर रहा है। इसके अलावा सोसायटी में रहने वाले परिवारों को जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रहीं।

पानी और बिजली की समस्या को लेकर सड़क पर आए करहेड़ा के लोग

रोड जाम कर बोले- पार्षद से लेकर अधिकारी तक नहीं सुन रहे, महीनों से झेल रहे परेशानी

गाजियाबाद, करंट क्राइम। करहैड़ा इलाके के स्थानीय निवासी सड़क पर उतर गए। उनके मुताबिक काफी समय से वह बिजली और पानी की समस्या झेल रहे हैं। लेकिन उनकी सुनवाई कहीं नहीं हो रही है।

स्थानीय निवासियों के मुताबिक जिनके पास पैसे हैं वह समरसेबल लगवा कर पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं। गरीब आदमी पानी और बिजली के लिए भी तरस रहा है।

गाजियाबाद के करहैड़ा निवासी धर्मावती ने बताया कि वह करहैड़ा इलाके में 2 महीने से बिजली और पानी के लिए परेशान है। पानी को लेकर इतनी परेशानी हो रही है क्योंकि हर किसी काम के लिए पानी चाहिए होता है। पार्षद से लेकर अधिकारियों तक गुहार चुके हैं।

खंभे तक पर लाइट नहीं है। जिनके पास पैसे हैं वह समरसेबल लगाकर अपना काम चला रहे हैं। जब

किसी अधिकारी या पार्षद के पास जाते हैं तो वह एक-दो दिन में काम करवा देंगे का के टरका देते हैं। वहीं यही के रहने वाले पवन बौद्ध के मुताबिक कि हमारी कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। 20 साल से हम यहां रह रहे हैं बड़ी मुश्किल में खड़ंजा लगवाया था। पानी के कनेक्शन होने के बावजूद पानी नहीं आ रहे हैं। जल ही जीवन कहा जाता है फिर भी पानी के लिए तरस रहे है। सरकार राशन दे रही है लेकिन राशन से जरूरी तो पानी है।

छात्रा के साथ पढ़ने वाले युवक पर रेप का आरोप

अश्लील वीडियो बनाकर करता था ब्लैकमेल, आरोपी की तलाश जारी

नोएडा (करंट क्राइम)। ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक सप्ताह पहले छात्र पर हुए जानलेवा हमले के मामले में एक नया खुलासा हुआ है। आरोप है कि छात्र ने युवती की अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए दुष्कर्म किया था। साथ ही उस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता था। पुलिस ने छात्रा के पिता की शिकायत पर रविवार रात आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत की है कि उसकी पुत्री एक निजी कॉलेज की छात्रा है।

आरोप है कि साथ पढ़ने वाले छात्र ने किसी प्रकार उसकी अश्लील वीडियो बना लीं और वीडियो के माध्यम से ब्लैकमेल कर छात्रा के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता के विरोध करने पर आरोपी वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देता था।

शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी छात्र धीरज के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि 24 दिसम्बर को एक छात्र पर कुछ लोगों ने नशीला पदार्थ पिलाकर जानलेवा हमला करते हुए गले और हाथ की नस काट दी गई थी।

जिसमें सोशल मीडिया से संपर्क में आई युवती और उसके साथियों पर घटना को अंजाम देने की आशंका जताई गई थी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने छात्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती को हिरासत में भी लिया था। हालांकि पुलिस कुछ भी स्पष्ट बताने के बचते हुए जांच का हवाला देकर पल्ला झाड़ रही है।

फॉर्च्यूनर से स्टंट करने वाले 4 युवक गिरफ्तार

वीडियो वायरल होने के बाद की गई तफ्तीश

नोएडा, करंट क्राइम। सेक्टर-126 थाना क्षेत्र में फॉर्च्यूनर गाड़ी से स्टंट करते युवकों का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर रविवार को वायरल हुआ था। वीडियो में दिखने वाले चारों युवकों को पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया है। फॉर्च्यूनर को भी सीज कर दिया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर की यातायात पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत इन पर 33 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया था।

वाहन पर स्टंट करने वाले आरोपियों की पहचान वैभव जैन, विशाल ठाकुर, विकास कुमार और ध्रुव कुमार के रूप में हुई है। सभी शादीशुदा है और अलग-अलग कंपनियों में काम करते हैं। जांच के दौरान पता चला कि जो वीडियो शनिवार को वायरल हुआ था उसको

बीते साल अक्टूबर में बनाया गया था। वीडियो बनाते समय एक अन्य युवक भी गिरफ्तार हुए युवकों के साथ था। बाद में उस युवक से चारों की किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसी बात पर उसने वीडियो को वायरल कर दिया।

28 सेकेंड के वायरल वीडियो में एक युवक गाड़ी की बोनट पर बैठा है, जबकि बाकी दो युवक गाड़ी की खिड़कियों से लटकते हुए रील बना रहे हैं। कार की सभी लाइटें जल रही हैं। कार के अंदर बैठा चालक वाहन को सड़क पर गोल-गोल घुमा रहा है। फॉर्च्यूनर गाड़ी पर सत्तारूढ़ पार्टी का झंडा भी लगा हुआ है। यूजर ने वीडियो में कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों को टैग कर स्टंट करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की थी। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की और सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

हार्ट अटैक से हुई थी सेवानिवृत्त इंजीनियर की मौत

मारपीट से दहशत में गई जान, दूसरे दिन भी दर्ज नहीं हुई एफआईआर

जेवर (करंट क्राइम)। खाजपुर गांव में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के सेवानिवृत्त एग्जीक्यूटिव इंजीनियर नरेंद्र सिंह (66) की मौत हार्ट अटैक से हुई थी।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। वहीं, परिजन अभी भी प्रॉपटी विवाद में मारपीट से जान जाने का दावा कर रहे हैं। परिजनों ने दो दिन बाद भी शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज नहीं करने का आरोप लगाया है।

मामले में नरेंद्र के बेटे विश्वेंद्र सिंह अत्री ने खाजपुर गांव निवासी कुनबे के ही पांच लोगों पर घर में घुसकर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने बताया कि बेटे की शिकायत को देखते हुए पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी कराई गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में नरेंद्र के शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिले और मौत की वजह हार्ट अटैक आई है। मृतक का बिसरा जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है।

वहीं विश्वेंद्र सिंह अत्री ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं मिली है। उन्होंने पुलिस पर मामले को गलत दिशा में ले जाने का आरोप लगाया। विश्वेंद्र ने कहा कि नरेंद्र के साथ घर में घुसकर गाली गलौज और मारपीट का वीडियो सबके सामने है। कुछ लोगो ने पांचों आरोपियों को मारपीट करते हुए देखा भी था। विश्वेंद्र ने बताया कि शनिवार दिन में पिता को आरोपियों ने प्रॉपर्टी विवाद में भुगत लेने की धमकी दी थी। जिसकी सूचना मिलने पर वह गांव पहुंचे थे। हालांकि उनसे पहले ही आरोपी वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए थे।

वकीलों के साथ करेंगे कोतवाली का घेराव

नरेंद्र के दोनों बेटे फरीदाबाद जिला न्यायालय में वकालत करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज नहीं की तो ग्रामीण और वकीलों के साथ मिलकर कोतवाली का घेराव किया जाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक आया है। पोस्टमार्टम की वीडियोग्राफी और बिसरा को सुरक्षित रखा गया है। मामले की जांच की जा रही है।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पुरातन स्कूल में आकर हमेशा नूतन अनुभव होता है। भीम शर्मा जब अपने 70 वर्ष पुराने स्कूल सेठ मुकंदलाल इंटर कॉलेज पहुंचे तो पुरानी यादें ताजा हो गई। अपने मन के भाव को उन्होंने अपनी फेसबुक पोस्ट पर साझा किया। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।